SSC & Railway द्वि-साप्ताहिक करंट अफेयर्स (1-15 Feb)

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

1-15 फ़रवरी 2021

प्रिय पाठकों,
यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **पहले** दो **सप्ताह** (1-15) फ़रवरी **2021** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने किस शहर में स्थित शिवम सहकारी बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द कर दिया______ **महाराष्ट्र।**
   नोट:
   - लाइसेंस रद्द होने के बाद, बैंक बैंकिंग कारोबार का परिचालन बंद कर देगा, जिसमें बैंक 29 जनवरी, 2021 को काम बंद होने के बाद से बैंकिंग नियमन (BR) अधिनियम, 1949 की धारा 56 के तहत धारा 5(b) में परिभाषित जमा स्वीकारने और पुनर्भुगतान जैसे कार्य शामिल हैं।
   - बैंक लाइसेंस रद्द होने के साथ, परिशोधन कार्यवाही शुरू कर सकता है।
2. किस संस्था ने एक वर्कफ्लो आधारित प्लेटफ़ॉर्म 'इनोवेशन सैंडबॉक्स' वेब पोर्टल की स्थापना की है, जो फिनटेक कंपनियों और व्यक्तियों को अपने एप्लीकेशन का ऑफलाइन परीक्षण करने में सक्षम बनाता है ___________ **बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE)।**
   नोट:
   - यह एक परीक्षण परिवेश है जो फिनटेक कंपनियों और व्यक्तियों को अपने एप्लीकेशन का ऑफलाइन परीक्षण करने में सक्षम बनाता है।
   - इनोवेशन सैंडबॉक्स को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) के दिशानिर्देशों के अनुसार स्थापित किया गया है।
   - पोर्टल का उद्देश्य एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है जो प्रतिभूति बाजार में नवाचार को बढ़ावा देता हो।
3. 'ब्रांड फाइनेंस ग्लोबल 500 2021 रैंकिंग' के अनुसार, कौन सी भारतीय कंपनी वैश्विक रूप से पांचवें सबसे मजबूत ब्रांड के रूप में उभरी है______ **रिलायंस जियो।**
   नोट:
   - रिलायंस इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी का ब्रांड स्ट्रेंथ इंडेक्स (BSI) स्कोर 100 में से 91.7 था।
   - इस सूची में 95.4 के BSI स्कोर के साथ वीचैट सबसे ऊपर है और इसके बाद 93.9 के BSI स्कोर के साथ फेरारी है।
   - रूसी बैंक स्बेर (Sber) को 92.0 BSI स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रखा गया है, इसके बाद 91.7 BSI स्कोर के साथ कोका-कोला का स्थान है।
4. भारतीय रिजर्व बैंक ने किस बैंक की IT अवसंरचना का विशेष ऑडिट करने के लिए एक बाहरी IT कंपनी की नियुक्ति की है______ **HDFC बैंक।**

नोट:

- RBI ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 30 (1- B) के तहत अधिनियम की धारा 30 (1- C) के तहत बैंक मूल्य पर बैंक की संपूर्ण IT अवसंरचना का एक ऑडिट करने के लिए एक बाहरी पेशेवर IT कंपनी को नियुक्त किया है।
- बैंक तदनुसार उपरोक्त विशेष IT ऑडिट करने के लिए RBI द्वारा नियुक्त बाहरी IT पेशेवर कंपनी को अपना सहयोग प्रदान करेगा।

5. किस बैंक ने अपने ग्राहकों को 1 फरवरी 2021 से नॉन- EMV ऑटोमेटेड टेलर मशीन (ATM) से पैसे निकालने से प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया है_______ **पंजाब नेशनल बैंक।**

नोट:

- यह प्रतिबंध वित्तीय और गैर-वित्तीय लेनदेन दोनों पर लागू होगा। इसे दूर करने के लिए, PNB नकदी निकालने के लिए OTP आधारित प्रणाली शुरू करेगा।
- PNB ने पुराने IFSC और MICR कोड बदलने का भी फैसला किया है। इसका अर्थ है कि 31 मार्च, 2021 के बाद पुराने कोड काम नहीं करेंगे।

6. नियोबैंकिंग स्टार्टअप स्टैशफिन ने अपना को-ब्रांडेड कॉन्टेक्टलेस प्रीपेड कार्ड लॉन्च करने के लिए किस बैंक के साथ भागीदारी की है_________ **SBM बैंक इंडिया।**

नोट:

- सहयोग से बनाया गया, ये प्रीपेड कार्ड अल्प बैंक सेवा प्राप्त उपभोक्ताओं के लिए क्रेडिट तक पहुंच को बढ़ाएगा।
- इस लॉन्च के साथ, एक नवाचार और प्रौद्योगिकी वाली व्यापार साझेदारी भारत में बढ़ते क्रेडिट अंतर को कम करेगी।
- वीज़ा संचालित कार्ड एक कॉन्टेक्टलेस EMV चिप के साथ आता है, जो कार्डधारकों को धनराशि तक 24x7 पहुंच प्रदान करता है।

7. किस मोटर निर्माता ने सॉफ्टवेयर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्लाउड कंप्यूटिंग, नई उपभोक्ता सेवाएं विकसित करने में सहयोग के लिए अल्फाबेट के गूगल के साथ साझेदारी की है________ **फोर्ड मोटर कंपनी।**

नोट:

- साझेदारी 6 वर्षों के लिए लागू होगी और 2023 में फोर्ड और लिंकन वाहनों में गूगल का एंड्रॉइड ऑपरेटिंग सिस्टम लगाएगी।
- फोर्ड के ग्राहक को वाहन के विकास की दक्षता में सुधार करने के लिए गूगल मैप्स और वॉइस टेक्नोलॉजी, गूगल AI सहित गूगल ऐप्स पहले से लगे मिलेंगे।

8. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने कितनी परिसंपत्ति वाली चुनिंदा गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) के लिए रिस्क बेस्ड इंटर्नल ऑडिट (RBIA) प्रणाली का अनावरण किया__________ **5,000 करोड़ रुपये से अधिक।**

नोट:

- नियामक के अनुसार, जमा स्वीकारने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) और 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति वाली कंपनियों को नई प्रणाली में स्थानांतरित करना होगा।
- वर्तमान में, RBI द्वारा पर्यवेक्षित सभी संस्थाओं का इंटर्नल ऑडिट में अपना दृष्टिकोण हैं, जिसके फलस्वरूप प्रणाली में कुछ विसंगतियां, जोखिम और अंतर हैं।

9. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने कितनी परिसंपत्ति वाले शहरी सहकारी बैंकों (UCB) के लिए रिस्क बेस्ड इंटर्नल ऑडिट (RBIA) प्रणाली का अनावरण किया________**500 करोड़ रुपये से अधिक।**

नोट:

- नियामक के अनुसार, 500 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति वाले शहरी सहकारी बैंकों (UCB) को नई प्रणाली में स्थानांतरित करना होगा।
- वर्तमान में, RBI द्वारा पर्यवेक्षित सभी संस्थाओं का इंटर्नल ऑडिट में अपना दृष्टिकोण हैं, जिसके फलस्वरूप प्रणाली में कुछ विसंगतियां, जोखिम और अंतर हैं।

10. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2020 तक शीर्ष 100 इरादतन बाकीदारों के लगभग कितनी राशि के ऋणों को बैंकों द्वारा बट्टे खाते में डाला गया है _________**62,000 करोड़ रुपये।**

नोट:

- भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के कार्यकर्ता बिस्वनाथ गोस्वामी के साथ साझा किए गए आंकड़ें दर्शाते हैं कि मेहुल चोकसी के स्वामित्व वाली गीतांजलि जेम्स शीर्ष इरादतन बाकीदार है, जिसकी 5,071 करोड़ रुपये की गैर-निष्पादित परिसंपत्ती (NPA) है।
- बैंकों ने कंपनी के 622 करोड़ रुपये के ऋण को बट्टे खाते डाला है।

11. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा इनोवेशन सैंडबॉक्स के संशोधित उद्देश्य और पात्रता मानदंडों के अनुसार, एक आवेदक कम से कम कितने दिनों के बाद ही स्टेज- I से स्टेज- II में स्थानांतरित कर सकता है_________ **60 दिन।**

नोट:

- नवाचार बढ़ाने और भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए, बाजार नियामक सेबी ने श्रेणीबद्ध प्रविष्टि मानदंडों के साथ अपने इनोवेशन सैंडबॉक्स के उद्देश्य और पात्रता मानदंडों को संशोधित किया।
- संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार, एक आवेदक यदि इनोवेशन सैंडबॉक्स टेस्टिंग के स्टेज- I में न्यूनतम 60 दिन पूरा करता है, तो टेस्टिंग के स्टेज 2 में प्रवेश करने का पात्र होगा।

12. फेडरल बैंक लिमिटेड ने किन के लिए एक विशेष बचत खाता 'फेडफर्स्ट' लॉन्च किया है ________**बच्चों।**

नोट:

- खाता बच्चों को अच्छी बचत और खर्च की आदतें विकसित करने में मदद करता है, जिससे उन्हें बचत, खर्च और कमाने की आजादी मिलती है।
- यह खाता बच्चों को मुद्रा प्रबंधन का महत्व समझाने में सक्षम करने के लिए बनाया गया है।
- यह खाता अद्वितीय सुविधाओं और ऑफर के साथ आता है। खाता धारक को 2,500 रुपये की दैनिक निकासी सीमा और 10,000 रुपये की POS/e-com सीमा के साथ फेडफर्स्ट कॉन्टेक्टलेस डेबिट कार्ड प्रदान किया जाता है, इसके अलावा इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल अलर्ट और ई-मेल अलर्ट जैसी मुफ्त ऑनलाइन सुविधाएं मिलती हैं।

13. किस जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने कैंसर से लड़ने वाले लोगों की सहायता के लिए 'सैल्यूट टू केयरगिवर्स - एक नया नजरिया कैंपेन' शुरू किया है________**भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस।**

नोट:

- विश्व कैंसर दिवस 2021 मनाने के लिए, भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस ने कवयित्री प्रिया मलिक के साथ साझेदारी की है, जिन्होंने अभियान पर एक कविता लिखी थी और उन्होंने एक केयरगिवर के रूप में अपना अनुभव भी व्यक्त किया था।

1. भारत के किस निजी क्षेत्र के बैंक ने भारत में मौजूद जापानी कॉर्पोरेट्स की बैंकिंग आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सहयोग के लिए जापान के MUFG बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं ________**ICICI बैंक।**

नोट:

- समझौता ज्ञापन व्यापार, निवेश, ट्रेजरी, कॉर्पोरेट और खुदरा बैंकिंग सहित विभिन्न डोमेन में बैंकों के बीच साझेदारी तंत्र स्थापित करता है।
- यह दोनों बैंकों को अपनी व्यक्तिगत क्षमताओं को संयोजित करने और भारत में कार्यरत जापानी कॉर्पोरेट्स की बैंकिंग आवश्यकताओं को समग्र रूप से पूरा करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

2. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अपनी 5वीं मौद्रिक नीति समिति (MPC) की समीक्षा में वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि में पूर्वानुमान_________**10.5%।**

नोट:

- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) मुद्रास्फीति के पूर्वानुमान को वित्त वर्ष 21 की चौथी तिमाही के लिए 5.2%, वित्त वर्ष 22 की पहली तिमाही में 5.2% से 5.0% और वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में कम करके 4.3% तक संशोधित किया गया है।
- MPC ने 31 मार्च 2021 तक 6% की ऊपरी उदारता और 2% की निम्न उदारता (अर्थात +/- 2% के बैंड के भीतर) के साथ 4% वार्षिक मुद्रास्फीति को बनाए रखने का जनादेश दिया है।

3. टार्गेटेड लॉन्ग टर्म रेपो ऑपरेशंस (TLTRO) योजना के तहत विभिन्न क्षेत्रों और बैंकों को प्रदान की जाने वाली कुल राशि ________**1 लाख करोड़ रुपये।**

नोट:

- इस कदम से लाभान्वित वाले क्षेत्रों में निर्माण, रियल एस्टेट और माइक्रोफाइनेंस शामिल हैं। RBI इन फंड्स को तीन वर्ष तक के लिए पॉलिसी रेट से लिंक फ्लोटिंग रेट पर ऑन-टैप टार्गेटेड लॉन्ग-टर्म रेपो ऑपरेशंस (TLTRO) के तहत प्रदान करेगा। वर्तमान में, रेपो रेट 4 प्रतिशत है।
- TLTRO बैंकों को समान या उच्चतर अवधि के साथ सरकारी संपत्तियां संपार्श्विक के रूप में प्रदान करके केंद्रीय बैंक से रेपो रेट पर एक से तीन वर्ष के लिए धनराशि उधार लेने की सुविधा देता है।

4. किस जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने कैंसर के खिलाफ लड़ाई में कैंसर उत्तरजीवियों की सहायता के लिए 'सैल्यूट टू केयरगिवर्स - एक नया नजरिया अभियान' शुरू किया है ________**भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस।**

नोट:

- विश्व कैंसर दिवस 2021 के उपलक्ष्य में, भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस ने कवयित्री प्रिया मलिक के साथ मिलकर काम किया है, जिन्होंने अभियान पर एक कविता लिखी थी और उन्होंने एक केयरगिवर के रूप में अपना अनुभव भी व्यक्त किया था।

5. परिवर्तन किस बैंक का एक कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) ब्रांड है जिसके तहत उसने अपने स्मार्टअप अनुदान के लिए स्टार्ट-अप और एकल उद्यमियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं_________ **HDFC बैंक।**

नोट:

- इस पहल का उद्देश्य सामाजिक मुद्दों पर ध्यान खींचने और देश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में योगदान करने के लिए दीर्घकालिक, स्थायी समाधानों को खोजना और उन्हें काम में लाना है।
- बैंक अनुदान के लिए इस वर्ष शिक्षा (एडटेक) और कौशल विकास क्षेत्र में स्टार्ट-अप पर ध्यान केंद्रित करेगा।

6. 10,000 नए FPO के गठन और संवर्धन हेतु एक स्पष्ट रणनीति और प्रतिबद्ध संसाधनों के साथ लॉन्च नई केंद्रीय क्षेत्र योजना "10,000 किसान उत्पादन संगठनों (FPO) का गठन और संवर्धन" के लिए बजटीय प्रावधान _________ **6865 करोड़ रुपये।**

नोट:

- ➢ इसका लक्ष्य 2022 तक निर्यात को दोगुना करना है।
- ➢ हालांकि, देश में 86% से अधिक किसान छोटे और सीमांत हैं।
- ➢ इसके लिए, FPO में छोटे, सीमांत और भूमिहीन किसानों के समूहन से उनकी आय बढ़ाने के लिए किसानों की आर्थिक क्षमता और बाजार संपर्क को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

7. किस बैंक ने पुणे स्थित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी लोनटैप क्रेडिट प्रोडक्ट्स के साथ MSME ऋणों के लिए को-लेंडिंग एग्रीमेंट किया है________ **बैंक ऑफ महाराष्ट्र।**

नोट:

- ➢ को-लेंडिंग मॉडल के तहत, बैंक के पास 80 प्रतिशत तक का ऋण जोखिम होगा, जबकि शेष लोनटैप द्वारा वहन किया जाएगा।
- ➢ को-लेंडिंग गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों में चलनिधि संकट के मद्देनजर RBI द्वारा शुरू की गई प्रणाली है, ताकि असेवितों और अंनर्जितों के लिए ऋण प्रवाह को बढ़ाया जा सके और अंतिम लाभार्थी को भी एक किफायती दर पर धन उपलब्ध कराया जा सके।

8. डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म फोनपे ने किस बैंक के उपयोगकर्ताओं को बैंक के "@axl" हैंडल के साथ कई UPI ID बनाने और उपयोग करने का विकल्प देते हुए UPI मल्टी-बैंक मॉडल पर बैंक के साथ साझेदारी की है________**एक्सिस बैंक।**

नोट:

- ➢ यह फोनपे उपयोगकर्ताओं को एक्सिस बैंक के "@axl" हैंडल के साथ कई UPI ID बनाने और उपयोग करने में सक्षम करेगा।
- ➢ अब तक, फोनपे का प्रमुख बैंकिंग भागीदार यस बैंक था।

9. भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय व्यक्ति को यात्रा, शिक्षा और चिकित्सा देखभाल के साथ-साथ शेयरों की खरीद के लिए प्रति वर्ष लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम (LRS) के तहत यहां स्थापित IFSC हेतु कितने प्रेषण (रेमिटेंस) की अनुमति दी है______**250,000 डॉलर।**

नोट:

- ➢ अब तक, केवल वैश्विक प्रतिभागियों को भारतीय IFSC में स्थापित फंड में निवेश करने की अनुमति थी।
- ➢ इस कदम से खुदरा निवेशकों और उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तियों (HNI) को लाभ मिलने की संभावना है।
- ➢ LRS के तहत, एक भारतीय व्यक्ति विदेश में यात्रा, शिक्षा और चिकित्सा देखभाल के साथ-साथ शेयरों की खरीद के लिए प्रति वर्ष 250,000 डॉलर तक भेज सकता है।

10. 'गिल्ट अकाउंट' क्या है, जिसे खोलने की अनुमति RBI ने दी है, जिससे भारत ऐसा करने वाला पहला देश बन गया है ________**सरकारी प्रतिभूतियों के स्वामित्व के लिए एक खाता।**

नोट:

- खुदरा निवेशकों को अपना गिल्ट प्रतिभूति खाता खोलने की सुविधा के साथ सीधे रिजर्व बैंक (रिटेल डायरेक्ट) के माध्यम से प्राथमिक और द्वितीयक दोनों सरकारी प्रतिभूति (G-Sec) बाजार तक पहुंच की अनुमति है। इसके साथ ही भारत ऐसा करने वाला पहला देश बन गया है।
- एक "गिल्ट खाता" का अर्थ है वह खाता जो सरकारी प्रतिभूतियों को रखने के लिए खोला जाए, यह खाता किसी संस्था या एक व्यक्ति और RBI द्वारा "संरक्षक" की अनुमति के साथ 'भारत के बाहर के व्यक्ति' भी खोल सकते हैं।

11. मेघालय पुलिस ने शिलांग ट्रैफिक पुलिस (STP) के अधिकार क्षेत्र में ई-चालान कार्यान्वयन हेतु किस बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं_______**भारतीय स्टेट बैंक।**

नोट:

- ई-चालान प्रणाली को VAHAN और SARATHI के साथ एकीकृत किया गया है, जो MoRTH (सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय) के प्रमुख एप्लीकेशन हैं।
- VAHAN और SARATHI के साथ एकीकरण से यातायात अधिकारियों को वाहन और चालक के विवरण जैसे यातायात उल्लंघन की जानकारी जुटाने में मदद मिलेगी।

12. केंद्र सरकार ने ऑफर फॉर सेल (OFS) विधि के माध्यम से राष्ट्रीय उर्वरक लिमिटेड (NFL) में अपनी 74.71% की हिस्सेदारी में से कितनी हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है_______**20 प्रतिशत।**

नोट:

- बिक्री प्रक्रिया शुरू करने के लिए, निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (DIPAM) ने व्यापारी बैंकों से निविदाएं आमंत्रित की हैं।
- यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि NFL देश के कुल यूरिया उत्पादन में लगभग 15% हिस्सेदारी के साथ देश में यूरिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।

13. किस कंपनी ने सॉफ्टबैंक ग्रुप कॉर्प (SBG) के साथ एक समझौते की घोषणा की है जिसके तहत वह SBG और सॉफ्टबैंक विजन फंड से आर्म लिमिटेड का अधिग्रहण करेगी _______ **NVIDIA।**

नोट:

- इस समझौते के तहत, NVIDIA सॉफ्टबैंक को कॉमन स्टॉक में 21.5 बिलियन डॉलर और नकद में 12 बिलियन डॉलर का भुगतान करेगी, जिसमें 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर हस्ताक्षर के समय देय होंगे।
- नकद या स्टॉक में एक अन्य 5 बिलियन डॉलर भी आर्म के प्रदर्शन के आधार पर सॉफ्टबैंक को दिए जा सकते हैं।

14. किस बैंक ने NIIF फंड ऑफ फंड्स (FoF) में 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है_______**न्यू डेवलपमेंट बैंक।**

नोट:

- यह भारत में NDB का पहला इक्विटी निवेश और FoF में पहला निवेश है।
- इस निवेश के साथ, FoF ने प्रतिबद्धताओं में 800 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्राप्त किए।
- NDB के अलावा FoF में अन्य निवेशक भारत सरकार, एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक और एशियाई विकास बैंक हैं।

15. किस बैंक ने इंडियन ऑयल डीलर्स को 2 करोड़ रुपये तक का ऋण प्रदान करने के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) के साथ एक अपनी तरह के पहले समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं ________**पंजाब नेशनल बैंक।**

नोट:

- इस योजना के तहत डीलर न्यूनतम ब्याज दरों, शून्य मार्जिन और न्यूनतम या शून्य संपार्श्विक आवश्यकताओं के साथ 2 करोड़ रुपये तक का ऋण ले सकते हैं।
- संपार्श्विक सुरक्षा उन व्यक्तियों से नहीं पूछी जाएगी, जिनके पास इंडियन ऑयल के साथ 5 वर्ष या उससे अधिक समय से डीलरशिप है।

16. पंजाब नेशनल बैंक (PNB) ने PNB ई-डीलर स्कीम के माध्यम से किस तेल कंपनी के डीलरों को 2 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करने के लिए अपनी तरह का पहला समझौता ज्ञापन किया है________ **IOCL।**

नोट:

- इस योजना के तहत डीलर न्यूनतम ब्याज दरों, शून्य मार्जिन और न्यूनतम या शून्य संपार्श्विक आवश्यकताओं के साथ 2 करोड़ रुपये तक का ऋण ले सकते हैं।
- संपार्श्विक सुरक्षा उन व्यक्तियों से नहीं पूछी जाएगी, जिनके पास इंडियन ऑयल के साथ 5 वर्ष या उससे अधिक समय से डीलरशिप है।

17. इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (Ind-Ra) लिमिटेड के पूर्वानुमान के अनुसार वित्त वर्ष 22 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) विकास दर ________**10.4%।**

नोट:

- इससे पहले, Ind-Ra ने वित्त वर्ष 21 के लिए GDP -7.8% अनुमानित की थी।
- वित्त वर्ष 23 में पूर्ण बहाली दिखाई देगी।
- सरकार का अंतिम उपभोग व्यय वित्त वर्ष 22 में 10.1% बढ़ने की उम्मीद है, जबकि निजी अंतिम उपभोग व्यय वित्त वर्ष 22 में 11.2% बढ़ने की उम्मीद है।

18. किस बैंक ने EMI संग्रहण सेवा प्रदान करने के लिए CSC ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के साथ करार किया है ________**HDFC बैंक।**

नोट:

- CSC MeitY के तहत एक विशेष प्रयोजन साधन है।
- बैंक की नई पहल का उद्देश्य ग्राहकों के लिए भुगतान को सुविधाजनक बनाना है, जो अतिदेय (overdue) जमा करने के लिए अब अपने निकटतम CSC पर जा सकते हैं।
- EMI संग्रह सुविधा के साथ, ग्राहकों को बैंक शाखाओं में जाने की आवश्यकता नहीं है।

19. किस स्मॉल फाइनेंस बैंक ने खालापुर, महाराष्ट्र में भारत का पहला FASTag संचालित ट्रक टर्मिनल लॉन्च करने के लिए महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड (MSRDC) और ओशियन हाइवे फैसिलिटीज़ एंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ भागीदारी की है________**इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक।**

नोट:

- इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक (इक्विटास SFB) ने यशवंतराव चव्हाण मुंबई - पुणे एक्सप्रेसवे पर खालापुर, महाराष्ट्र में देश का पहला FASTag संचालित ट्रक टर्मिनल लॉन्च करने के लिए महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास

निगम लिमिटेड (MSRDC) और ओशियन हाइवे फैसिलिटीज़ एंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ भागीदारी की है।

20. किस जीवन बीमा कंपनी ने एक नया लक्ष्य आधारित बचत उत्पाद 'गारंटीड इनकम फॉर टुमॉरो' (GIFT) लॉन्च किया है, जो पॉलिसीधारकों को उनके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में उनकी मदद हेतु गारंटीकृत आय प्रदान करता है ________**ICICI प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी।**

नोट:

- ➢ यह लाभ रहित बचत उत्पाद ग्राहकों को भविष्य के आय स्रोतों की अनिश्चितता को काफी हद तक समाप्त करने में सक्षम बना सकता है।
- ➢ लाइफ कवर परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है, जो एक मजबूत वित्तीय योजना के लिए आवश्यक है।

21. वह भारतीय कंपनी जिसे द सर्कुलर एक्सेलेरेटर प्रोग्राम 2021 के लिए भारत से पहले सदस्य के रूप में चुना गया है__________**रिसाइकल (Recykal)।**

नोट:

- ➢ एंग्लो अमेरिकन, इकोलैब और श्नाइडर इलेक्ट्रिक के साथ साझेदारी में एक्सेंचर के नेतृत्व में और अपलिंक और वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सहयोग में सर्कुलर एक्सेलेरेटर विघटनकारी, क्रॉस-सेक्टर मूल्य-श्रृंखला नवाचार को एक अभूतपूर्व गति से बढ़ाने के लिए अग्रणी उद्योगों को 17 ग्राउंड-ब्रेकिंग सर्कुलर इकोनॉमी उद्यमियों के साथ जोड़ेगी।

22. कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (CREDAI) ने निर्माण श्रमिकों के लिए बैंक खाता खोलने की सुविधा हेतु किस भुगतान बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ________**इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक।**

नोट:

- ➢ यह समझौता ज्ञापन वित्तीय साक्षरता और डिजिटल समावेश के साथ निर्माण श्रमिकों के लिए सुगम्य वित्तीय सेवाएं सुनिश्चित करेगा।
- ➢ समझौते का उद्देश्य रियल एस्टेट प्रॉजेक्ट में निर्माण गतिविधियों में संलग्न लगभग 3 करोड़ श्रमिकों में से प्रति वर्ष लगभग 10 लाख श्रमिकों को कवर करना है।

श्रद्धांजलियां

1. नोबेल पुरस्कार विजेता पॉल जे. क्रूटजन का हाल ही में निधन हो गया, उन्हें किस क्षेत्र में पुरस्कार मिला ______ **रसायन।**

नोट:

- ➢ उन्होंने वायुमंडलीय रसायन, विशेष रूप से ओजोन की उत्पत्ति और अपघटन से संबंधित अपने काम के लिए 1995 में मारियो जे. मोलिना और एफ. शेरवुड रोलैंड के साथ रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार जीता।
- ➢ वह ओजोन परत और जलवायु परिवर्तन पर अपने काम और एक प्रस्तावित नए युग का वर्णन करने में 'एन्थ्रोपोसीन' शब्द को लोकप्रिय बनाने के लिए जाने जाते थे वह युग जब मानव गतिविधियों का पृथ्वी पर काफी प्रभाव पड़ा।

2. रॉक एंड रोल बैंड 'द एनिमल्स' के संस्थापक गिटारवादक हिल्टन वेलेंटाइन का हाल ही में निधन हो गया, वह किस देश से हैं ________**इंग्लैंड।**

नोट:

- वेलेंटाइन ने पूर्वोत्तर इंग्लैंड में अपने गृहनगर नॉर्थ शील्ड्स में 13 वर्ष की आयु में गिटार उठाया, बाद में स्किफल क्रेज- अमेरिकन फ़ोक, कंट्री, जैज और ब्लूज़ का एक प्रकार का फ्यूजन - में शामिल हो गए जो यूके में अतिरंजित था।
- उनका स्किफल बैंड 'द हेपर्स' एक रॉक एंड रोल बैंड वाइल्डकैट्स में विकसित हुआ, जो पूरे उत्तरी इंग्लैंड में लोकप्रिय हो गया, जिसका कारण वेलेंटाइन द्वारा गिटार बजाते समय जमीन पर लुढ़कने की आदत थी।

3. अनुभवी आर्मी ऑफिसर कैप्टन टॉम मूर, जिन्होंने कोरोना वारियर्स के लिए रिकॉर्ड फंड जुटाया, का हाल ही में निधन हो गया, वह किस देश से थे_______ **इंग्लैंड।**

नोट:

- मूर ने नेशनल हेल्थ सर्विस के लिए 38.9 मिलियन पाउंड (53 मिलियन डॉलर) जुटाने हेतु एक फ्रेम की मदद से अपने बगीचे के चारों ओर घूमकर लॉकडाउन में फंसे ब्रिटेनवासियों के दिलों को छू लिया।
- कोरोना वायरस प्रकोप की गंभीर खबर के बीच उनके प्रयास और समझ ने खुशी फैला दी: दुनिया के लिए मूर का संदेश था कि सूरज फिर से चमकेगा और बादल दूर हो जाएंगे।

4. प्रसिद्ध खिलाड़ी और कोच अख्तर अली का हाल ही में निधन हो गया, वह किस खेल से संबंधित थे _______ **टेनिस।**

नोट:

- 5 जुलाई, 1939 को जन्मे, अख्तर ने 1955 में तब बड़ी उपलब्धि हासिल की जब वह राष्ट्रीय जूनियर चैंपियन बने और जूनियर विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचे।
- उन्होंने 1958 और 1964 के बीच पाकिस्तान, मलेशिया, ईरान, मैक्सिको, जापान और मोनाको के खिलाफ आठ डेविस कप टाई में भारत का प्रतिनिधित्व किया। वह रामनाथन कृष्णन, नरेश कुमार, प्रेमजीतलाल और जयदीप मुखर्जी जैसे दिग्गजों के साथ खेले।

5. प्रसिद्ध खिलाड़ी और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता, लियोन स्पिंक्स का हाल ही में निधन हो गया, वह किस खेल से संबंधित थे_________ **मुक्केबाजी।**

नोट:

- ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले और फिर अपनी महज आठवीं प्रो फाइट में मुहम्मद अली को हराकर हैवीवेट खिताब जीतकर मुक्केबाजी की दुनिया को चौंकाने वाले लियोन स्पिंक्स का हाल ही में निधन हो गया।
- वह 67 वर्ष के थे। स्पिंक्स ने अली को 1978 में 15 राउंड के मुकाबले में हराकर खिताब जीता।

6. प्रसिद्ध व्यक्ति बंसी कौल का हाल ही में निधन हो गया, वह एक प्रतिष्ठित थे ________**रंगमंच निर्देशक।**

नोट:

- बंसी कौल एक हिंदी रंगमंच निर्देशक और भोपाल में रंगमंच समूह एवं रंगमंच संस्थान रंग विदूषक के संस्थापक थे।
- उन्हें 1995 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और 2014 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।
- उन्हें वर्ष 2016-17 के लिए राष्ट्रीय कालिदास सम्मान मिला।

7. प्रसिद्ध व्यक्ति जॉर्ज शुल्ट्ज़ का हाल ही में 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे ________ **राजनीतिज्ञ।**

नोट:

- अनुभवी और प्रतिभावान व्यक्ति, शुल्ट्ज़ ने स्टेट्समैनशिप, व्यवसाय और शिक्षा में सफलता हासिल की। सांसदों ने ईरान-कॉन्ट्रा स्कैंडल का आधार रही ईरान को हथियारों की बिक्री को सरासर मूर्खता बताते हुए उसका विरोध करने के लिए उनकी प्रशंसा की, जिसने रीगन के दूसरे कार्यकाल को काफी हानि पहुंचाई।

8. प्रसिद्ध व्यक्ति राजीव कपूर का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे________**अभिनेता।**

नोट:

- वह महान राज कपूर के सबसे छोटे पुत्र, और रणधीर कपूर और ऋषि कपूर के भाई थे।
- 'राम तेरी गंगा मैली' के अभिनेता को चेंबूर स्थित अपने आवास पर दिल का दौरा पड़ने के बाद इनलैक्स हॉस्पिटल ले जाया गया।

9. क्रिस्टोफर प्लमर सबसे अधिक आयु के ऑस्कर विजेता अभिनेता हैं, जिनका हाल ही में निधन हो गया है। वह किस देश से थे ________ **कनाडा।**

नोट:

- ऑस्कर विजेता अभिनेता क्रिस्टोफर प्लमर, जिन्हें समीक्षकों द्वारा प्रशंसित उनकी फिल्म, 'साउंड ऑफ म्यूजिक' के लिए शोहरत मिली, का निधन हो गया।
- वह 91 वर्ष के थे। सफल और बहुमुखी कनाडाई मूल के अभिनेता ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति हैं।

10. 10 बार के टेनिस ग्रैंड स्लैम चैंपियन, टोनी ट्रैबर्ट का हाल ही में निधन हो गया, वह किस देश से संबंधित थे _________**संयुक्त राज्य अमेरिका।**

नोट:

- ट्रैबर्ट ने 1953 यूएस ओपन, 1954 फ्रेंच ओपन और 1955 यूएस और फ्रेंच ओपन और विंबलडन हासिल किए।
- 2001 से 2011 तक ट्रैबर्ट ने हॉल ऑफ फेम के प्रेसीडेंट के रूप में कार्य किया और टेलीविजन विश्लेषक के रूप में 30 वर्ष बिताए। उन्होंने लेखक और कोच के रूप में भी काम किया और 1976-1980 तक यूएस डेविस कप टीम की कप्तानी की और टीम को 1978 और 1979 में खिताब दिलाया।

11. प्रख्यात खिलाड़ी ब्रूस टेलर, जिनका हाल ही में निधन हो गया, किस खेल से संबंधित थे _________**क्रिकेट।**

नोट:

- टेलर ने न्यूजीलैंड के लिए 30 टेस्ट खेले, 111 विकेट लिए और 898 रन बनाए।
- उन्होंने 1969 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ न्यूजीलैंड की ओर से सबसे तेज टेस्ट शतक भी बनाया था, यह रिकॉर्ड 36 वर्ष बाद डैनियल विटोरी ने तोड़ा।

महत्वपूर्ण दिवस

1. विश्व आर्द्रभूमि दिवस हर वर्ष मनाया जाता है ________ **2 फरवरी।**

नोट:

- 2 फरवरी 1971 को ईरान के रामसर में अंतर्राष्ट्रीय महत्व के आर्द्रभूमि समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- दिवस का उद्देश्य लोगों और हमारे ग्रह के लिए आर्द्रभूमि द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाना है।
- विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2021 का अंतर्राष्ट्रीय विषय 'आर्द्रभूमि और जल' है।

- वर्ष 2021 आर्द्रभूमि सम्मेलन के 50 वर्षों को दर्शाता है।

2. अंतर्राष्ट्रीय मानव भाईचारा दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है________**4 फरवरी।**

नोट:

- अंतर्राष्ट्रीय मानव भाईचारा दिवस का उद्देश्य विभिन्न संस्कृतियों और धर्मों, या मान्यताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सहिष्णुता को बढ़ावा देने महत्व को रेखांकित करना है।
- इसका उद्देश्य लोगों को यह शिक्षा भी प्रदान करना है कि सहिष्णुता, अनेकवादी परंपरा, परस्पर सम्मान और धर्मों और मान्यताओं की विविधता मानव भाईचारे को बढ़ाते हैं।
- इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय मानव भाईचारा दिवस 2021 का विषय: भविष्य का मार्ग।

3. विश्व कैंसर दिवस हर वर्ष मनाया जाता है _________**4 फरवरी।**

नोट:

- यह दिवस कैंसर के बारे में जागरूकता और शिक्षा फैलाने और दुनिया भर की सरकारों और व्यक्तियों पर बीमारी के खिलाफ कार्यवाही करने का दबाव बनाने के लिए मनाया जाता है।
- विश्व कैंसर दिवस 2019-21 का विषय: 'I Am And I Will'।

4. महिला जननांग विकृति के लिए अंतर्राष्ट्रीय शून्य सहनशीलता दिवस 2021 का विषय_________ **No Time for Global Inaction, Unite, Fund, and Act to End Female Genital Mutilation.**

नोट:

- महिला जननांग विकृति के लिए अंतर्राष्ट्रीय शून्य सहनशीलता दिवस एक संयुक्त राष्ट्र-प्रायोजित वार्षिक जागरूकता दिवस है जो संयुक्त राष्ट्र के महिला जननांग विकृति उन्मूलन के प्रयासों के रूप में 6 फरवरी को मनाया जाता है।

5. अंतर्राष्ट्रीय अपस्मार (मिर्गी) दिवस 2021 मनाया गया ________**8 फरवरी।**

नोट:

- अंतर्राष्ट्रीय अपस्मार (मिर्गी) दिवस, प्रत्येक वर्ष फरवरी के दूसरे सोमवार को मनाया जाता है।
- अंतर्राष्ट्रीय अपस्मार दिवस 2021 8 फरवरी को था।
- यह दिवस इंटरनेशनल ब्यूरो फॉर एपिलेप्सी (IBE) और इंटरनेशनल लीग अगेंस्ट एपिलेप्सी (ILAE) के लिए एक संयुक्त पहल है।

6. राष्ट्रीय कृमिहरण दिवस (NDD) प्रतिवर्ष मनाया जाता है_________**10 फरवरी।**

नोट:

- दिवस का उद्देश्य 1-19 वर्ष की आयु के बच्चों में आंतों के कीड़ों का उन्मूलन है, जिन्हें मृदा-संचारित कृमि (STH) भी कहा जाता है।

7. प्रतिवर्ष 10 फरवरी को मनाए जाने वाले विश्व दलहन दिवस (WPD) 2021 का विषय_________ **Nutritious Seeds for a Sustainable Future।**

नोट:

- विश्व दलहन दिवस (WPD) मानव जीवन में दालों का महत्व समझाने के लिए प्रतिवर्ष 10 फरवरी को मनाया जाता है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2018 में 10 फरवरी को विश्व दलहन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

8. विश्व यूनानी दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ________ **11 फरवरी।**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 350+ SSC & Railways Mock Tests

नोट:

- विश्व यूनानी दिवस प्रतिवर्ष 11 फरवरी को मनाया जाता है।
- यह दिवस प्रतिवर्ष महान यूनानी विद्वान और समाज सुधारक हकीम अजमल खान की जयंती के रूप में मनाया जाता है।

9. विज्ञान में महिलाओं और बालिकाओं का अंतर्राष्ट्रीय दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है __________ **11 फरवरी।**

नोट:

- विज्ञान में महिलाओं और बालिकाओं के अंतर्राष्ट्रीय दिवस 2021 का विषय 'Women Scientists at the forefront of the fight against COVID-19' है।

10. विश्व रेडियो दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है _________ **13 फरवरी।**

नोट:

- इस वर्ष के दिवस का विषय 'न्यू वर्ल्ड, न्यू रेडियो' है।
- यह कोविड-19 के दौरान प्रदान की जाने वाली सेवाओं को ध्यान में रखते हुए तय किया गया।

11. भारतीय राष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है ________ **13 फरवरी।**

नोट:

- सरोजिनी नायडू के योगदान के सम्मान में, 13 फरवरी को भारतीय राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष सरोजिनी नायडू की 142वीं जयंती है।
- राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक उपलब्धियों के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

नई नियुक्तियां

1. देश की प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत, जिसे प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना कहा जाता है, का नया CEO किसे नियुक्त किया गया है ________ **आर.एस. शर्मा।**

नोट:

- वह 2018 में इसकी शुरुआत के बाद से आयुष्मान योजना के मुख्य कार्यकारी के रूप में सेवारत इंदु भूषण की जगह लेंगे।
- भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (Trai) के पूर्व अध्यक्ष आर.एस. शर्मा 1 फरवरी से NHA का पदभार संभालेंगे।

2. एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) का नया अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया ______**जय शाह।**

नोट:

- शाह ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) की प्रमुख नजमुल हसन पापोन की जगह ली।
- वह पद पर नियुक्त होने वाले अब तक के सबसे युवा व्यक्ति है।
- ACC एशिया की क्षेत्रीय प्रशासनिक संस्था है और इसमें वर्तमान में 24 सदस्य संघ हैं। ACC एशिया कप टूर्नामेंट के आयोजन के लिए उत्तरदायी है।

3. SBI कार्ड्स का प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) किसे नियुक्त किया गया________**राममोहन राव अमारा।**

नोट:

- वह अश्विनी कुमार तिवारी की जगह लेंगे, जिसे भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के 4 प्रबंध निदेशकों (MD) में से एक नियुक्त किया गया था।
- अपनी नियुक्ति से पहले, राम मोहन राव अमारा ने SBI भोपाल सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्य किया, जहां उन्होंने दो प्रमुख राज्यों, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का प्रबंधन किया।

4. लेफ्टिनेंट जनरल एस.के. सैनी जो 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हुए, के बाद थलसेना उपाध्यक्ष का पद किसने ग्रहण किया _______ **सी.पी. मोहंती।**

नोट:

- लेफ्टिनेंट जनरल मोहंती पहले दक्षिणी थलसेना कमांडर के रूप में सेवारत थे। उन्हें 12 जून, 1982 को राजपूत रेजिमेंट में शामिल किया गया था।
- उन्होंने जम्मू और कश्मीर और पूर्वोत्तर क्षेत्र में नियंत्रण रेखा पर एक बटालियन की कमान संभाली है। उन्हें दो ब्रिगेड पहले वास्तविक नियंत्रण रेखा पर और बाद में डेमोक्रेटिव रिपब्लिक ऑफ कांगो में बहुराष्ट्रीय यूएन ब्रिगेड की कमान संभालने का अनूठा गौरव प्राप्त है।

5. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक का पहला मुख्य अनुपालन अधिकारी किसे नियुक्त किया गया __________ **हेनरी मोनिज।**

नोट:

- वह 8 फरवरी को कंपनी की वैश्विक अनुपालन टीम का नेतृत्व करने, इसके वैश्विक अनुपालन और जोखिम प्रबंधन को बढ़ाने और कंपनी में कानूनी एवं नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों को बढ़ावा देने के लिए फेसबुक से जुड़ेंगे।

6. अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के कार्यवाहक चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में नियुक्त भारतीय अमेरिकी__________ **भाव्या लाल।**

नोट:

- भाव्या अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और नीति समुदाय की एक सक्रिय सदस्य हैं, जो 5 नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस समितियों की अध्यक्षता, सह-अध्यक्षता और सेवा कर चुकी हैं।
- उन्होंने कॉमर्शियल रिमोट सैंसिंग पर नेशनल ओशियनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन फेडरल एडवाइज़री समिति पर लगातार दो कार्यकाल काम किया और नासा के इनोवेटिव एडवांस्ड कॉन्सेप्ट्स प्रोग्राम और नासा सलाहकार परिषद की प्रौद्योगिकी, नवाचार और इंजीनियरिंग सलाहकार समिति की एक बाह्य परिषद सदस्य थीं।

7. दो वर्ष के निश्चित कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त ऋषि कुमार शुक्ला की जगह केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) का कार्यवाहक प्रमुख किसे नियुक्त किया गया _______**प्रवीण सिन्हा।**

नोट:

- वर्ष 2014 के बाद से यह चौथी बार है जब किसी कार्यवाहक निदेशक को CBI प्रमुख का कार्यभार दिया गया है।
- इससे पहले, आलोक वर्मा को निदेशक नियुक्त किए जाने से पहले तत्कालीन अतिरिक्त निदेशक राकेश अस्थाना ने यह दायित्व संभाला था।

8. अक्टूबर 2021 तक पद छोड़ने का फैसला करने वाले जेफ बेजोस के बाद अमेजन के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) का पदभार कौन संभालेगा ________**एंड्रयू आर. जस्सी।**

नोट:

- ➢ जेफ बेजोस अमेजन के निदेशक मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष की भूमिका निभाएंगे।
- ➢ उन्होंने यह भी कहा कि वे नए उत्पादों, शुरुआती पहलों और डे 1 फंड और बेजोस अर्थ फंड; ब्लू ओरिजन (उनका सीक्रेट स्पेस वेंचर) जैसी लोकोपकारी कार्य पर ध्यान देंगे।

9. तीन वर्ष की अवधि के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया ______**एस.एन. सुब्रह्मण्यन।**

नोट:

- ➢ सुब्रह्मण्यन राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का मार्गदर्शन करेंगे जिसकी नई व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य शर्त संहिता, 2020 (OSH संहिता, 2020) के तहत कार्यस्थलों में सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक प्रमुख भूमिका है।
- ➢ राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद देश में OSH को नियंत्रित करने वाले विनियमों को पुन: लिखने में कारखाना सलाह सेवा एवं श्रम संस्थान महानिदेशालय की सहायता करेगी, जिन्हें 50 वर्षों से अपडेट नहीं किया गया है।

10. संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से निपटने में सरकारों और कारोबारियों को काम पर लगाने के लिए किसे एक विशेष दूत नियुक्त किया गया________**माइकल ब्लूमबर्ग।**

नोट:

- ➢ वे ब्लूमबर्ग न्यूज की मूल कंपनी ब्लूमबर्ग एलपी के संस्थापक और मालिक हैं।
- ➢ उन्हें पहले मार्च 2018 और नवंबर 2019 के बीच जलवायु कार्यवाही के लिए अमेरिकी विशेष दूत के रूप में नियुक्त किया गया था।

11. विश्व व्यापार संगठन (WTO) की पहली महिला महानिदेशक (DG) के रूप में किसे नियुक्त किया गया _________**नगोजी ओकोन्जो-इवेला।**

नोट:

- ➢ वह संगठन का नेतृत्व करने वाली पहली महिला और पहली अफ्रीकी नागरिक होंगी।
- ➢ नाइजीरिया की पूर्व वित्त मंत्री ओकोन्जो-इवेला, रॉबर्टो अजेवेदो की जगह लेंगी, जिन्होंने अगस्त 2020 में पद से इस्तीफा दिया था।

12. मारियो द्राघी को किस देश का नया प्रधानमंत्री नामित किया गया है________ **इटली।**

नोट:

- ➢ उन्होंने नई सरकार बनाने के लिए इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटरेल्ला के अनुरोध को स्वीकार किया।
- ➢ मारियो द्राघी, पूर्व प्रधानमंत्री ग्यूसेपे कोन्टे की केंद्रीय वाम गठबंधन सरकार की जगह नई सरकार का नेतृत्व करेंगे।

13. टाटा मोटर्स लिमिटेड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) और प्रबंध निदेशक (MD) किसे नियुक्त किया गया ________ **मार्क लिस्टोसेला।**

नोट:

- ➢ वह एशिया में फुसो ट्रक एंड बस कॉर्प के पूर्व प्रेसीडेंट एवं CEO और डेमलर ट्रक्स के प्रमुख रह चुके हैं।
- ➢ इससे पहले, उन्होंने 2008-2014 के बीच डेमलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के MD और CEO के रूप में कार्य किया है।

14. अजीत डोवल के नेतृत्व वाले नए पुनर्गठित राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (NSAB) का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया __________ **श्रीधर वेम्बु।**

नोट:

- ➢ वेम्बु वर्तमान में तमिलनाडु के तेनकासी जिले में अपनी कंपनी के कार्यालय से काम कर रहे हैं।

- ➢ NSAB के अन्य सदस्य इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन, IIM बेंगलुरु के प्राध्यापक अंशुमान त्रिपाठी और फ्रांस और संयुक्त राष्ट्र के पूर्व राजदूत अरुण के. सिंह हैं।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. भारत के सबसे बड़े रेशम मेले 8वें भारत अंतर्राष्ट्रीय रेशम मेले का वर्चुअल पोर्टल पर किसने उद्घाटन किया_______ **स्मृति ईरानी।**

नोट:

- ➢ पांच दिवसीय कार्यक्रम कोविड-19 महामारी के कारण वर्चुअल माध्यम में आयोजित किया जा रहा है।
- ➢ रेशम उत्पादन में भारत का लंबा इतिहास है और यह रेशम का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। भारत दुनिया का एकमात्र देश है जो रेशम की सभी चार प्रमुख किस्मों - मल्बेरी, एरी, तसर और मुगा का उत्पादन करता है।

2. किस मेट्रो कॉर्पोरेशन के लिए भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (BEML) द्वारा निर्मित पहले स्वदेशी मेट्रो रैक का अनावरण किया गया ________ **मुंबई मेट्रो।**

नोट:

- ➢ मेट्रो लाइन 2A दहिसर से डीएन नगर तक चलेगी और यह एक 18.58 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर है, जिसकी अनुमानित लागत 6,410 करोड़ रुपये है, 6,208 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर निर्मित अंधेरी (पूर्व) से दहिसर (पूर्व) तक मेट्रो लाइन 7 16.47 किमी-लंबी है।
- ➢ रेक का निर्माण भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (BEML) द्वारा किया गया था और BEML के बेंगलुरु केंद्र से पहला 'मेड इन इंडिया' रेक वितरित किया गया।

3. भारत का पहला आर्द्रभूमि संरक्षण केंद्र 'सेंटर फॉर वेटलैंड कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट (CWCM)' की स्थापना भारत के किस शहर में की गई________ **चेन्नई।**

नोट:

- ➢ विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर, भारत को चेन्नई में अपना पहला विशिष्ट संस्थान - सेंटर फॉर वेटलैंड कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट (CWCM) मिला - जो देश के कुल भूमि क्षेत्र के 4.6% पर स्थित आर्द्रभूमि के संरक्षण हेतु विभिन्न हितधारकों के लिए एक ज्ञान केंद्र के रूप में काम करेगा।
- ➢ CWCM की स्थापना नेशनल सेंटर फॉर सस्टेनेबल कोस्टल मैनेजमेंट (NCSCM), चेन्नई के एक भाग के रूप में की गई है।

4. भारत सरकार ने GOBAR-DHAN योजना के लिए एक एकीकृत वेब पोर्टल लॉन्च किया है, GOBAR-DHAN में 'R' का क्या अर्थ है_________ **Resources (संसाधन)।**

नोट:

- ➢ GOBAR-DHAN जैविक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए स्वच्छ भारत मिशन चरण -2 का एक महत्वपूर्ण घटक है।
- ➢ यह योजना पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा शुरू की गई थी।
- ➢ GOBAR-DHAN योजना का पूरा नाम गैल्वनाइजिंग ऑर्गेनिक बायो-एग्रो रिसोर्सेज - DHAN योजना है।

5. भारत ने एयरो इंडिया 2021 के अंत में अप्रत्यक्ष रूप से इंडियन ओशन रीजन (IOR) रक्षा मंत्री कॉन्क्लेव आयोजित किया। कॉन्क्लेव का विषय क्या था ________ **Enhanced Peace, Security and Cooperation in the Indian Ocean.**

नोट:

- कॉन्क्लेव का व्यापक विषय 'हिंद महासागर में शांति, सुरक्षा और सहयोग संवर्धन' होगा।
- सम्मेलन एक संस्थागत, आर्थिक और सहकारी वातावरण में संवाद को बढ़ावा देने की एक पहल है जो हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के विकास को बढ़ावा दे सकता है।

6. इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) द्वारा जारी 2020 की डेमोक्रेसी इंडेक्स रिपोर्ट 'डेमोक्रेसी इन सिकनेस एंड इन हेल्थ?' में भारत की वैश्विक रैंकिंग _______ **53वीं।**

नोट:

- सूचकांक में भारत का स्कोर 2019 के 6.9 से गिरकर 6.61 हो गया जो 167 देशों के लिए दुनिया भर में लोकतंत्र की वर्तमान अवस्था की एक तस्वीर प्रदान करता है।
- इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट की नवीनतम डेमोक्रेसी इंडेक्स रिपोर्ट 'डेमोक्रेसी इन सिकनेस एंड इन हेल्थ?' में नॉर्वे शीर्ष स्थान पर और इसके बाद आइसलैंड, स्वीडन, न्यूजीलैंड और कनाडा शीर्ष पांच में शामिल रहे।

7. किस IIT ने वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से भारत में सड़क निर्माण उन्नतिकरण के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं_______ **IIT-BHU।**

नोट:

- नवंबर 2020 में, शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नतिकरण के लिए स्वैच्छिक आधार पर तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु देश के सभी तकनीकी संस्थानों (IIT और NIT सहित) से अनुरोध किया था।
- 18 IIT, 26 NIT और 190 अन्य संस्थानों ने इस योजना को चुना है।

8. आसियान के सहयोग से किस मंत्रालय ने आसियान-भारत हैकथॉन 2021 का शुभारंभ किया_______ **शिक्षा मंत्रालय।**

नोट:

- यह भारत और आसियान को ब्लू इकोनॉमी एंड एजुकेशन के व्यापक विषयों के तहत उनकी आम चुनौतियों को हल करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा।
- आसियान-भारत हैकथॉन शिक्षा मंत्रालय की एक पहल है।
- यह 1 से 3 फरवरी 2021 तक ऑनलाइन आयोजित की गई थी।

9. केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 1,063 आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों का नाम किनके नाम पर करने का फैसला किया_______ **सुभाष चंद्र बोस।**

नोट:

- राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अब तक कुल 1,063 आवासीय केंद्र (383 आवासीय विद्यालय और 680 छात्रावास) स्वीकृत किए गए हैं।
- समग्र शिक्षा योजना के तहत वित्तपोषित आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों का नाम बदलकर "नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय" करने का निर्णय लिया गया है।

10. श्रीविल्लीपुथुर-मेगामलाई किस राज्य का 5वां बाघ अभयारण्य बनेगा, जिसे राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) द्वारा मंजूरी दी गई है_______ **तमिलनाडु।**

नोट:

- वन विभाग का प्रस्ताव मेघमलाई वन्यजीव अभयारण्य, श्रीविल्लीपुथुर ग्रिज़िल्ड स्क्वरल वन्यजीव अभयारण्य और तिरुनेलवेली वन्यजीव अभयारण्य के आस-पास की 1.48 लाख हेक्टेयर भूमि को तमिलनाडु का पांचवां बाघ अभयारण्य घोषित करना था।

11. इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (CERT-In) द्वारा बताई गई और निगरानी की गई जानकारी के अनुसार, डिजिटल बैंकिंग से संबंधित कुल कितनी साइबर सुरक्षा घटनाएं वर्ष 2020 में सूचित की गई थी______ **2.9 लाख।**

नोट:

- इन घटनाओं में फ़िशिंग अटैक, नेटवर्क स्कैनिंग एंड प्रॉबिंग, वायरस और वेबसाइट हैकिंग शामिल थीं।
- मंत्री ने कहा कि ई-कॉमर्स के साथ-साथ गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) की बढ़ती लोकप्रियता ने भी डिजिटल भुगतान के दायरे का विस्तार किया है।

12. किस संस्थान के परिसर में राष्ट्रीय बागवानी मेला आयोजित किया गया ________ **भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (IIHR)।**

नोट:

- राष्ट्रीय बागवानी मेला 2021 का विषय: स्टार्ट-अप और स्टैंड-अप इंडिया के लिए बागवानी।
- विषय किसानों को उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित करता है।
- मेले का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) और भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (IIHR) द्वारा किया जाएगा।

13. गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (GRSE) ने एक फास्ट पैट्रोल वेसल (FPV) 'ज़ोरोस्टर' देने के लिए किस देश के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं__________**सेशेल्स।**

नोट:

- "ज़ोरोस्टर" एक शक्तिशाली, ईंधन-कुशल पोत होगा जो गश्ती, तस्करी विरोधी, अवैध शिकार और खोज तथा बचाव जैसे कार्यों के संचालन में सक्षम होगा।
- FPV का पूरा डिजाइन GRSE द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया था।

14. किस IIT ने सीमांत किसानों के स्वामित्व वाले छोटे कृषि क्षेत्रों के लिए सौर ऊर्जा संचालित ऊर्जा-दक्ष कीट नियंत्रण उपकरण विकसित किए हैं_________**IIT खड़गपुर।**

नोट:

- शोध दल ने एक स्व-चालित बूम-टाइप स्प्रेयर विकसित किया है जो छोटे भू-क्षेत्रों में फसलों पर सुरक्षा मार्गदर्शन के समय सौर ऊर्जा का उपयोग करके संचालित किया जा सकता है।
- इस उपकरण का उद्देश्य द्रव छिड़काव में क्षेत्र की क्षमता तथा एकरूपता को बढ़ाना है और फसल क्षेत्रों में छिड़काव करने के लिए ऑपरेटर के लिए कठिन श्रम और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करना है।

15. इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (IEA) द्वारा प्रकाशित इंडिया एनर्जी आउटलुक 2021 के अनुसार, किस वर्ष तक भारत दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता के रूप में यूरोपीय संघ से आगे निकल जाएगा________**2030।**

नोट:

- वर्तमान में भारत चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ के बाद चौथा सबसे बड़ा वैश्विक ऊर्जा उपभोक्ता है।

- 2019 से 40 तक वैश्विक ऊर्जा मांग वृद्धि में भारत का लगभग एक-चौथाई योगदान है जो किसी भी देश के लिए सर्वाधिक है। नवीकरणीय ऊर्जा में वृद्धि में इसकी हिस्सेदारी चीन के बाद दुनिया में दूसरी सर्वाधिक है।

16. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चौरी चौरा कांड के शताब्दी समारोह की शुरुआत के उपलक्ष्य में डाक टिकट जारी किया। चौरी चौरा स्थान किस राज्य में स्थित है________**उत्तर प्रदेश।**

नोट:

- चौरी चौरा कांड के शताब्दी समारोह के उद्घाटन के दौरान आयोजित कार्यक्रम में डाक टिकट जारी किया गया था।
- राज्य सरकार ने चौरी चौरा के शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में राज्य के सभी 75 जिलों में 4 फरवरी 2022 से विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई है।

17. भारत सरकार ने किसकी अध्यक्षता में उन 27 कीटनाशकों पर प्रस्तावित प्रतिबंध पर उद्योग की आपत्तियों की समीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति की है, जिन्हें सरकार द्वारा जानवरों और मनुष्यों के लिए हानिकारक बताया गया है_________ **टी.पी. राजेंद्रन।**

नोट:

- व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले ये 27 कीटनाशक 66 विवादास्पद कीटनाशकों का हिस्सा हैं जिनकी विषाक्तता की समीक्षा की जा रही है। वर्ष 2018 में, सरकार इनमें से 18 को पहले ही प्रतिबंधित कर चुकी थी।
- मई 2020 में, कृषि एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कीटनाशक प्रतिबंध आदेश, 2020 के मसौदे को जारी किया था, जिसका उद्देश्य इन 27 कीटनाशकों पर प्रतिबंध लगाना है।

18. ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BVFCL), नामरूप (असम) की यूरिया निर्माण इकाइयों के सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार द्वारा कितनी अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है ________**100 करोड़ रुपये।**

नोट:

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BVFCL), नामरूप (असम) की यूरिया निर्माण इकाइयों के सुदृढ़ीकरण के लिए 100 करोड़ रुपये अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की है।
- यह स्वीकृति उर्वरक विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय (MoC&F) के प्रस्ताव की तर्ज पर की गई है।

19. सिडबी और कन्फेडरेशन ऑफ वूमन एंटरप्रेन्योर्स (COWE) ने किस योजना के बारे में प्रोत्साहित करने और जागरूकता फैलाने के लिए "स्वावलंबन सशक्त- मेगा अभियान" शुरू किया है________**स्टैंड अप इंडिया योजना।**

नोट:

- स्वावलंबन सशक्त 'स्टैंड अप इंडिया' योजना को प्रोत्साहित करने के लिए 20 वेबिनार की एक श्रृंखला है।
- यह योजना 2016 में शुरू की गई थी और इसे 2025 तक विस्तारित किया गया है।
- यह योजना प्रति बैंक शाखा कम से कम एक SC या ST उधारकर्ता और कम से कम एक महिला उधारकर्ता को 10 लाख रुपये और 1 करोड़ रुपये के बीच बैंक ऋण की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक प्रमुख कार्यक्रम है।

20. अमेरिका स्थित ट्राइटन इलेक्ट्रिक व्हीकल ने इलेक्ट्रिक वाहन और ऊर्जा भंडारण प्रणाली विकसित करने के लिए किस भारतीय कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन किया________ **भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL)।**

नोट:

- ➢ समझौता ज्ञापन के अनुसार, BEL भारत में ट्राइटन के लिए विशिष्ट विनिर्माण भागीदार होगा, जबकि ट्राइटन इन उत्पादों के निर्माण के लिए आवश्यक तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराएगा।
- ➢ भारत में ऊर्जा भंडारण प्रणाली (ESS) के लिए, BEL एक प्रमुख ठेकेदार के रूप में आवश्यकताओं का ध्यान रखेगा और ट्राइटन मेक इन इंडिया आवश्यकताओं के अनुसार प्रौद्योगिकी भागीदार के रूप में सहायता प्रदान करेगा।

21. प्रधानमंत्री मोदी द्वारा असम में किस उद्देश्य से 'असोम माला' कार्यक्रम शुरू किया________**सड़क अवसंरचना सुधार।**

नोट:

- ➢ भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के सोनितपुर जिले के धेकियाजुली में 'असोम माला' कार्यक्रम शुरू किया।
- ➢ असोम माला कार्यक्रम सड़कों का क्षेत्र अध्ययन करके उनके रखरखाव पर ध्यान केंद्रित करेगा और इस प्रकार राज्य के रोड एसेट मैनेजमेंट सिस्टम में सुधार करेगा।

22. भारतीय हवाई अड्डे के संचालक और विमानन अवसंरचना के विकासकर्ता, GMR ग्रुप ने विमानन सेवाओं, प्रौद्योगिकियों और नवाचार में सहयोग के अवसरों का पता लगाने के लिए किस एयरोस्पेस कॉर्पोरेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं _______**एयरबस।**

नोट:

- ➢ इस समझौता ज्ञापन पर बैंगलोर में आयोजित एयरो इंडिया 2021 में हस्ताक्षर किए गए थे।
- ➢ समझौता ज्ञापन का उद्देश्य वाणिज्यिक और सैन्य विमानों दोनों के लिए रखरखाव, कलपुर्जों, प्रशिक्षण, डिजिटल सेवाओं जैसी विमानन सेवाओं के कई सामरिक क्षेत्रों में संभावित तालमेल तलाशना है।

23. भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) भारत के किस शहर में देश का पहला थंडरस्टॉर्म रिसर्च टेस्टबेड स्थापित कर रहा है _________**बालासोर।**

नोट:

- ➢ थंडरस्टॉर्म टेस्टबेड स्थापित करने का उद्देश्य तड़ितवृष्टि के कारण मानवीय विपत्तियों और संपत्ति के नुकसान को कम करना है।
- ➢ IMD के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा ने एक निजी टेलीविजन चैनल के साथ बात करते हुए यह भी कहा कि भोपाल के पास अपनी तरह का पहला मानसून टेस्टबेड योजना में है।

24. इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) द्वारा जारी 'एशिया-पैसिफिक पर्सनलाइज्ड हेल्थ इंडेक्स' में भारत की रैंक __________**10वां।**

नोट:

- ➢ सिंगापुर इंडेक्स में पहले स्थान पर है जिसके बाद ताइवान (दूसरा), जापान (तीसरा) और ऑस्ट्रेलिया (चौथा) है। इंडोनेशिया इंडेक्स में 11वें स्थान पर है।
- ➢ यह 'महत्वपूर्ण संकेतों' नामक चार श्रेणियों में व्यक्ति आधारित स्वास्थ्य के 27 अलग-अलग संकेतकों पर प्रदर्शन को मापता है।

25. भारत सरकार द्वारा अनुमोदित 'स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम' की राशि क्या है ________**945 करोड़ रुपये।**

नोट:

- ➢ SISFS 945 करोड़ रुपये की राशि के माध्यम से स्टार्टअप को वित्तीय सहायता प्रदान करेगा जो 2021-25 में संपूर्ण भारत में चयनित इनक्यूबेटरों के माध्यम से वितरित किए जाएंगे।

- DPIIT द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप जिसे आवेदन के समय अधिकतम 2 वर्ष पूर्व शामिल किया गया है, SFS के लिए पात्र है।

26. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वैज्ञानिक प्रकाशनों में भारत की रैंक_______**तीसरी।**

नोट:

- 2017-18 में 13,045 पेटेंट में से 1,937 भारतीयों द्वारा थे।
- इस अवधि में भारतीय पेटेंट कार्यालय में भारतीयों द्वारा दर्ज कराए गए 15,550 पेटेंट में से 65 प्रतिशत महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और दिल्ली से दर्ज कराए गए थे।

27. आसियान-भारत हैकाथॉन 2021 का शुभारंभ किस मंत्रालय ने किया________**शिक्षा मंत्रालय।**

नोट:

- अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) ने सभी दस आसियान देशों की नोडल एजेंसियों के समर्थन से इस महत्वपूर्ण पहल को लागू किया, जिसमें उनके शिक्षा मंत्रालय और प्रमुख विश्वविद्यालय शामिल थे।
- 1 फरवरी को हैकथॉन का उद्घाटन शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' के साथ आसियान और भारत के अन्य गणमान्य लोगों ने किया।

28. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस IIT के डिस्कवरी कैंपस की आधारशिला रखी_______**IIT मद्रास।**

नोट:

- यह कैंपस पहले चरण में चेन्नई के पास थाईरूर में 2 लाख वर्ग मीटर के क्षेत्र में 1,000 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा।
- प्रधानमंत्री मोदी ने चेन्नई मेट्रो रेल चरण- I विस्तार परियोजना का भी उद्घाटन किया, जो 3,770 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई है।

29. प्रधानमंत्री मोदी ने थलसेनाध्यक्ष जनरल एम.एम. नरवणे को अर्जुन बैटल टैंक (MK-1A) सौंपी, टैंक को किस संस्थान द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया गया है_________**कॉम्बैट व्हीकल रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट।**

नोट:

- टैंक को 15 शैक्षणिक संस्थानों, 8 प्रयोगशालाओं और अनेक MSME के साथ रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) से संबद्ध कॉम्बैट व्हीकल्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया गया है।

30. मैप माई इंडिया एक स्वदेशी, मानचित्रण पोर्टल और भू-स्थानिक सेवाओं के निर्माण के लिए किस इकाई के साथ भागीदारी करेगा जो गूगल मैप्स और गूगल अर्थ सेवाओं के लिए एक विकल्प बन सकता है______ **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन।**

नोट:

- समझौते के अनुसार, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) और मैप माई इंडिया एक स्वदेशी, मानचित्रण पोर्टल और भू-स्थानिक सेवाओं के निर्माण के लिए भागीदारी करेंगे जो गूगल मैप्स और गूगल अर्थ सेवाओं का विकल्प बन सकता है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 350+ SSC & Railways Mock Tests

- मैप माई इंडिया के डिजिटल मैप्स और ISRO के सैटेलाइट इमेजरी और पृथ्वी अवलोकन डेटा की नामसूची का उपयोग स्वदेशी पोर्टल बनाने के लिए किया जाएगा।

31. कौन सी भारतीय कंपनी भविष्यवादी अत्यधिक ऊंचाई वाला छद्म उपग्रह विकसित कर रही है, जिसका नाम कंबाइंड एयर टीमिंग सिस्टम (CATS) है _________ **हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड।**

नोट:

- एक बार विकसित होने के बाद छद्म उपग्रह 2-3 महीनों तक लगभग 70,000 फीट की ऊंचाई पर उड़ने वाले मानव रहित विमानों की जानकारी लेने में सक्षम होगा।
- प्रणाली में आधार-पोत होगा जो कलपुर्जे और चार स्वायत्त मानव रहित हवाई यान 'CATS वॉरियर्स' को ले जाएगा।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. कौन सा राज्य रोटरी क्लब के सहयोग से ऐसे नवजात शिशुओं जो अपनी ही माताओं द्वारा स्तनपान से वंचित हैं, के लिए आंचल का दूध सुनिश्चित करने हेतु एक अत्याधुनिक केंद्र अपना पहला ह्यूमन मिल्क बैंक (HMB) खोलने जा रहा है, ________ **केरल।**

नोट:

- रोटरी क्लब ऑफ कोचीन ग्लोबल के सहयोग से स्थापित, मिल्क बैंक का उद्देश्य अस्पताल में ऐसे नवजात शिशुओं के लिए आंचल का दूध सुनिश्चित करना है, जो अपनी ऐसी माताओं द्वारा स्तनपान से वंचित हैं, जो बीमार हैं, मृत हैं या जिनमें आंचल के दूध का पर्याप्त उत्पादन नहीं होता है।
- सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल और प्रक्रियाओं का पालन करके दूध एकत्र किया जाएगा और इसे संरक्षित किया जाएगा और इसे सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार जरूरतमंद बच्चों को प्रदान किया जाएगा।

2. किस राज्य सरकार ने मार्च, 2022 तक राज्य के सभी ग्रामीण परिवारों को 100% पेयजल आपूर्ति प्रदान करने के उद्देश्य से 'हर घर पानी, हर घर सफाई' मिशन शुरू किया है________ **पंजाब।**

नोट:

- पंजाब सरकार ने मोगा जिले के 85 गांवों को शामिल करते हुए विशाल सतही जलापूर्ति योजना, 172 गांवों के लिए 144 नई जलापूर्ति योजनाएं, 121 आर्सेनिक और आयरन निष्कर्षण संयंत्रों का उद्घाटन किया।
- विश्व बैंक, भारत सरकार के जल जीवन मिशन, नाबार्ड और राज्य बजट द्वारा वित्त पोषित।
- इस योजना से अमृतसर, तरन तारन और गुरदासपुर जिलों के 155 गांवों के निवासियों को पेय जल के लिए भूजल के स्थान पर सतही जल आपूर्ति में मदद करने के अलावा आर्सेनिक प्रभावित आवासों की समस्या का समाधान करने में मदद मिलेगी।

3. किस राज्य सरकार ने कॉलेज छात्रों के लिए 'प्रज्ञान भारती' योजना शुरू की है जिसके तहत प्रत्येक छात्र को नई पाठ्य पुस्तकें खरीदने के लिए 1,500 रुपये दिए जाएंगे________**असम।**

नोट:

- प्रज्ञान भारती योजना के तहत, 3,26,046 कॉलेज छात्रों में से प्रत्येक को पाठ्य पुस्तकों की खरीद के लिए 1,500 रुपये दिए गए, जबकि 4 लाख पात्र छात्रों को नि:शुल्क प्रवेश के लिए कुल 161 करोड़ रुपये दिए गए।

- दूसरी योजना भाषा गौरव है, जिसके तहत राज्य सरकार ने 21 साहित्य सभाओं (साहित्यिक संस्थाएं) को कुल 43 करोड़ रुपये की राशि उनके कोष में योगदान के रूप में प्रदान की।

4. किस राज्य सरकार ने IT पेटेंट के लिए फाइल करने हेतु नवीन स्टार्टअप को वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से बौद्धिक संपदा अधिकार योजना और गुणवत्ता परीक्षण एवं प्रमाणन योजना शुरू की है__________ **महाराष्ट्र।**

नोट:

- दोनों योजनाओं को महाराष्ट्र स्टेट इनोवेशन सोसायटी (MSInS) द्वारा कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग, महाराष्ट्र सरकार के तहत लागू किया जाएगा।
- बौद्धिक संपदा सहायता योजना के तहत 150 में से 125 से अधिक स्टार्टअप को योजना के पहले चरण में घरेलू बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) एप्लीकेशन के लिए 2 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता और अंतर्राष्ट्रीय IPR एप्लीकेशन के लिए 10 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान की जाएगी।

5. भारत की पहली भू-तापीय विद्युत परियोजना किस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेशों में स्थापित की जाएगी__________**लद्दाख।**

नोट:

- प्रायोगिक परियोजना के पहले चरण में, एक मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता उत्पन्न की जाएगी।
- भारत की पहली भू-तापीय विद्युत परियोजना, जिसे भू-तापीय क्षेत्र विकास परियोजना नाम दिया गया है, को 2022 के अंत तक चालू करने की योजना है।
- ONGC एनर्जी, LAHDC, लेह और केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के बिजली विभाग के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

6. चाह बगीचा धन पुरस्कार मेले का तीसरा चरण किस राज्य में आयोजित किया गया था, जिसमें चाय बागान क्षेत्रों से संबंधित 7.5 लाख लोगों में से प्रत्येक को 3 हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी गई थी_________**असम।**

नोट:

- यह उल्लेख किया गया है कि योजना के तहत चाय बागानों के 7,46,667 लाभार्थियों को कवर किया गया था।
- उल्लेखनीय रूप से, यह योजना वित्तीय वर्ष 2017-18 में शुरू की गई थी।
- इस योजना का मुख्य उद्देश्य चाय जनजाति समुदाय के वित्तीय समावेशन के प्रयासों को प्रोत्साहित करना और मजबूत करना है।

7. किस राज्य सरकार ने निमोनिया के कारण होने वाली शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से सोशल अवेयरनेस एंड एक्शन टू न्यूट्रलाइज़ निमोनिया सक्सेसफुली ('SAANS') अभियान शुरू किया ________**मध्य प्रदेश।**

नोट:

- इस उद्देश्य से राज्य में लगभग 4,000 स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र स्थापित किए गए हैं।
- राज्य सरकार ने PGIMER, चंडीगढ़ और यूनिसेफ के साथ साझेदारी में प्रशिक्षण मापदंड भी विकसित किए हैं।

8. किस देश ने उत्तरी सागर में दुनिया के पहले ऊर्जा द्वीप के निर्माण के लिए परियोजना को मंजूरी दी ________ **डेनमार्क।**

नोट:

- यह यूरोपीय देशों में तीन मिलियन घरों की बिजली की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त हरित ऊर्जा का उत्पादन और भंडारण करेगा।
- अपनी तरह का पहला विशाल द्वीप 18 फुटबॉल पिचों (120,000 वर्ग मीटर) जितना बड़ा होगा, इसकी अनुमानित लागत लगभग 210 बिलियन क्रोनर (34 बिलियन डॉलर) होगी।

gradeup

➢ कृत्रिम द्वीप को सैकड़ों अपतटीय पनचक्कियों से जोड़ा जाएगा।

9. किस राज्य सरकार ने राज्य में सभी प्रकार के भूमिधारण को चिन्हित करने के लिए एक विशेष 16 अंकों का यूनिकोड जारी करने की प्रणाली शुरू की है ________**उत्तर प्रदेश।**

नोट:

➢ प्रणाली का मुख्य उद्देश्य भूमि विवादों के मामलों की जांच करना, विवादित भूमि की नकली रजिस्ट्रियों को रोकना और लोगों को धोखेबाजों के जाल में फंसने से बचाना है।

➢ राज्य में जमीन के हर टुकड़े की अपनी अलग पहचान होगी।

10. वित्त मंत्रालय के अनुसार कितने राज्यों ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' सुधारों को पूरा किया है________**12।**

नोट:

➢ ये राज्य खुला बाजार से उधार के माध्यम से 5,034 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय संसाधन जुटाने के पात्र बन गए हैं।

➢ अब तक ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के सुधार अपनाने वाले राज्यों की कुल संख्या 12 हो गई है।

➢ अन्य राज्य आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और तेलंगाना हैं।

11. किस राज्य सरकार ने "मुख्यमंत्री विज्ञान प्रतिभा परीक्षा" को मंजूरी दी है जिसमें राज्य के स्कूलों में कक्षा 9 के 1,000 मेधावी छात्रों को विज्ञान छात्रवृत्ति के रूप में 5,000 रुपये प्रदान किए जाएंगे_________**दिल्ली।**

नोट:

➢ छात्रवृत्ति स्कूल स्तर पर माध्यमिक कक्षाओं में विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रदान की जाएगी।

➢ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसे सरकार द्वारा उत्कृष्ट और प्रतिभाशाली छात्रों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

12. इंडिया जस्टिस रिपोर्ट (IJR) 2020 के दूसरे संस्करण में कौन सा राज्य पहले स्थान पर रहा________**महाराष्ट्र।**

नोट:

➢ रिपोर्ट न्यायाधीशों द्वारा लोगों को न्याय देने पर जारी की गई।

➢ तमिलनाडु दूसरे स्थान पर है जिसने 2019 में अपने पिछले तीसरे स्थान से रैंकिंग में सुधार किया और तेलंगाना तीसरे स्थान पर रहा।

13. भारत में अपनी तरह का पहला 'PGI अपंग क्लीनिक' कहां लॉन्च किया गया __________**चंडीगढ़।**

नोट:

➢ इस पहल का मूल उद्देश्य एक अपंग को समाज में एक सामान्य क्रियाशील मानव बनाना है।

➢ यह पहल उन्हें समाज में पुनर्वास के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने में उचित प्रबंधन देने का प्रयास करेगी और रोगियों को उनके उपचार और स्वास्थ्य लाभ के दौरान परामर्श और चिकित्सा सुविधाओं में सहायता प्रदान करेगी।

14. तीन दिवसीय प्रसिद्ध "मांडू महोत्सव" भारत के किस राज्य में आयोजित किया गया था ________**मध्य प्रदेश।**

नोट:

➢ महोत्सव का समापन 15 फरवरी, 2021 को होगा।

➢ यह महोत्सव मध्य प्रदेश की राज्य सरकार द्वारा प्राचीन मांडू शहर के प्रत्येक पहलू को दर्शाने के लिए आयोजित किया जाता है, जिसमें भोजन, संगीत, इतिहास और विरासत, कला एवं शिल्प आदि शामिल हैं।

gradeup

15. किस राज्य सरकार ने वर्ष 2040 तक राज्य में जलवायु लचीलापन और निम्न कार्बन वृद्धि हेतु एक रूपरेखा विकसित करने के लिए UNEP के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं________**बिहार।**

नोट:

- बिहार इस तरह के समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला पहला भारतीय राज्य बन गया।
- समझौते के एक भाग के रूप में, UNEP बिहार को ग्रीन हाउस गैस (GHG) इन्वेंटरी और कार्बन फुटप्रिंट एनालिसिस तैयार करने और जलवायु प्रभाव भेद्यता मूल्यांकन विकसित करने में सहायता करेगा।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. किस देश की सेना ने चुनाव धोखाधड़ी के अपने दावों की प्रतिक्रिया में आपातकाल घोषित करने के बाद एक वर्ष के लिए सत्ता अपने हाथ में ली________**म्यांमार।**

नोट:

- उप-राष्ट्रपति माइंट स्वे को कार्यवाहक राष्ट्रपति बनाया गया है और सभी शक्तियां कमांडर इन चीफ मिन आंग लैंग को सौंपी गई हैं।
- यह कार्य सेना द्वारा स्टेट काउंसलर आंग सान सू की, राष्ट्रपति विन माइंट और सत्ताधारी पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (NLD) के अन्य वरिष्ठ नेताओं को हिरासत में लेने के बाद किया गया।

2. नेपाल ने 679 मेगावाट के लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना के निर्माण का अनुबंध किस भारतीय कंपनी को देने का फैसला किया है__________ **सतलुज जल विद्युत निगम (SJVN)।**

नोट:

- यह नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली की अध्यक्षता में निवेश बोर्ड नेपाल (IBN) की बैठक में तय किया गया था।
- परियोजना SJVN को बिल्ड, ओन, ऑपरेट एंड ट्रांसफर (BOOT) वितरण प्रणाली के तहत प्रदान की गई।
- अरुण III जल विद्युत परियोजना, जो रियायत अवधि के दौरान नेपाल को 21 प्रतिशत मुफ्त बिजली प्रदान करेगी, के समान लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना के निर्माणकर्ता को भी कुछ निश्चित प्रतिशत बिजली मुफ्त प्रदान करने को प्राथमिकता देनी होगी।

3. बांग्लादेश सरकार ने ग्रामीण सड़कों के उन्निकरण और डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए किस बैंक के साथ 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं_______ **विश्व बैंक।**

नोट:

- इस परियोजना से बांग्लादेश के पश्चिमी क्षेत्र में 20 मिलियन से अधिक लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है।
- यह परियोजना 48 किलोमीटर के दो-लेन की जशोर-झीनैदाह सड़क को आधुनिक 4-लेन राजमार्ग में बदलने में मदद करेगी। यह 600 किमी की संयोजक ग्रामीण सड़कों के सुधार और नए ग्रामीण बाजारों के निर्माण या विकास में भी मदद करेगा।
- यह परियोजना तेज और विश्वसनीय इंटरनेट सेवा सुनिश्चित करने के लिए राजमार्ग के किनारे फाइबर-ऑप्टिक केबल लगाने के लिए धनराशि प्रदान करेगी।

4. इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट की नवीनतम डेमोक्रेसी इंडेक्स रिपोर्ट "डेमोक्रेसी इन सिकनेस एंड इन हेल्थ?" में किस देश को शीर्ष स्थान पर रखा गया __________ **नॉर्वे।**

नोट:

- ➢ भारत के पड़ोसी देशों में, जहां श्रीलंका 68वें स्थान पर, एक दोषपूर्ण लोकतंत्र की श्रेणी में शामिल है, बांग्लादेश (76), भूटान (84) और पाकिस्तान (105) को 'संकरित शासन' श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। अफगानिस्तान को सूचकांक में 139वें स्थान पर एक 'सत्तावादी शासन' के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- ➢ इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) के अनुसार, भारत 2020 डेमोक्रेसी इंडेक्स की वैश्विक रैंकिंग में दो स्थान गिरकर 53वें स्थान पर आ गया।

5. संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल शिक्षा कोष (यूनिसेफ) ने एस्ट्राजेनेका/ ऑक्सफ़ोर्ड और नोवावैक्स वैक्सीन की आपूर्ति के लिए किस संस्थान के साथ एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं__________ **सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (SII)।**

नोट:

- ➢ भारत दुनिया के सबसे बड़े दवा निर्माताओं में से एक है, और कोरोनावायरस के टीके की खरीद के लिए अनेक देशों ने पहले ही संपर्क किया है।
- ➢ ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका की कोविशिल्ड का निर्माण पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा किया जा रहा है, और नोवावैक्स का उत्पादन अमेरिका स्थित नोवावैक्स द्वारा किया जा रहा है।

6. किस अरब देश ने अपना मंगल अभियान "होप" प्रॉब लॉन्च किया, जिसके 9 फरवरी, 2021 को मंगल की कक्षा में पहुंचने की उम्मीद है_______ **संयुक्त अरब अमीरात।**

नोट:

- ➢ संयुक्त अरब अमीरात, चीन और अमेरिका उस अवधि का लाभ उठाते हुए परियोजनाओं को पिछली जुलाई में मंगल ग्रह पर लॉन्च कर चुके हैं जब पृथ्वी और मंगल निकटतम दूरी पर होते हैं।
- ➢ यदि यह सफल रहता है, तो समृद्ध खाड़ी राष्ट्र मंगल पर पहुंचने वाला पांचवा राष्ट्र बन जाएगा।

7. किस देश ने प्रदूषणकारी उद्यमों के उत्सर्जन पर नजर रखने की अनुमति देने और अधिकारियों को नियमों तोड़ने या पर्यवेक्षण से बचने की कोशिश करने वाले लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाने में मदद करने के लिए एक नया सूचना मंच स्थापित करने का निर्णय लिया है_______**चीन।**

नोट:

- ➢ चीन में कुल 2.36 मिलियन कंपनियां, औद्योगिक केंद्र और संस्थानों को सल्फर डाइऑक्साइड या अपशिष्ट जल जैसे प्रदूषकों के उत्सर्जन की अनुमति प्राप्त करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य किया गया है।
- ➢ पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार, नया सूचना मंच अधिकारियों और सदस्यों को वास्तविक समय उत्सर्जन स्तरों की निगरानी करने और ऐतिहासिक डेटा की जांच करने की अनुमति देगा ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि नियमों का उल्लंघन हो रहा है या नहीं। यह 1 मार्च से लागू होगा।

8. UNWTO की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020 वैश्विक पर्यटन के लिए सबसे खराब वर्ष था, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय आगमन कम हुआ है__________ **74 प्रतिशत।**

नोट:

- मांग में अभूतपूर्व गिरावट और व्यापक यात्रा प्रतिबंधों के कारण पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2020 में दुनिया भर के गंतव्य स्थलों में 1 बिलियन कम अंतर्राष्ट्रीय आगमन दर्ज किया गया।
- यह 2009 के वैश्विक आर्थिक संकट की तुलना में 4% कम दर्ज किया गया है।
- नवीनतम UNWTO वर्ल्ड टूरिज्म बैरोमीटर के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय यात्रा में गिरावट, निर्यात राजस्व में 1.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुमानित हानि को दर्शाती है - जो 2009 के वैश्विक आर्थिक संकट के दौरान दर्ज गिरावट से 11 गुना अधिक है।

9. द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (TERI) के प्रमुख कार्यक्रम वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट 2021 के 20वें संस्करण का विषय _________**Redefining our Common Future: Safe and Secure Environment for All।**

नोट:

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट 2021 का उद्घाटन किया।
- वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट (WSDS) द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (TERI) का वार्षिक प्रमुख कार्यक्रम है।

10. किस देश ने इंटरनेट प्लेटफार्मों को लक्षित करने वाले नए एकाधिकार-विरोधी दिशानिर्देश जारी किए हैं, जो देश की शीर्ष तकनीकी कंपनियों के सामने आए मौजूदा प्रतिबंधों को सख्त करने वाला कदम है_______**चीन।**

नोट:

- नए नियम नवंबर में जारी एक एकाधिकार-विरोधी मसौदा कानून को औपचारिक रूप देते हैं, और एकाधिकार कार्यप्रणालियों की एक श्रृंखला को स्पष्ट करते हैं जिनसे नियामकों द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा सकती है।
- बाजार नियामक द्वारा जारी किए गए नियम कंपनियों की अनेक कार्यप्रणालियों, जिसमें देश की शीर्ष इंटरनेट कंपनियों के बीच चयन करने के लिए व्यापारियों को मजबूर करना जैसी बाजार में लंबे समय से चली आ रही कार्यप्रणाली शामिल है, को प्रतिबंधित करते हैं।

11. किस देश के साथ भारत ने शहतूत बांध के निर्माण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं______**अफगानिस्तान।**

नोट:

- एक वर्चुअल समिट में, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके अफगान समकक्ष मोहम्मद हनीफ अतमार ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- शहतूत बांध का निर्माण अफगानिस्तान की पांच नदी घाटियों में से एक, काबुल नदी बेसिन पर किया जाना है।

12. किस स्पेस एजेंसी ने दुनिया का पहला 'ऑल-सिविलियन' मिशन इंस्पिरेशन 4 लॉन्च करने की घोषणा की ________ **स्पेसएक्स।**

नोट:

- स्पेसएक्स ने अंतरिक्ष के लिए दुनिया के पहले ऑल-सिविलियन मिशन के लिए अपनी योजना की घोषणा की, मिशन को सेंट जूड चिल्ड्रन रिसर्च हॉस्पिटल की सहायता करने के लिए 4-व्यक्तियों वाले चालक दल के सम्मान में 'इंस्पिरेशन 4' नाम दिया गया है।
- एक 37 वर्षीय उद्यमी, सिफ्ट 4 पेमेंट के संस्थापक और CEO और निपुण पायलट जेरेड इसाचमन द्वारा संचालित मिशन को फ्लोरिडा में NASA के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा।

13. किस देश ने 2030 तक दुनिया का सबसे बड़ा अपतटीय विंड फार्म स्थापित करने की घोषणा की है ________**दक्षिण कोरिया।**

नोट:

- यह राष्ट्रपति मून जे-इन के कोरियन ग्रीन न्यू डील के विज़न का एक प्रमुख घटक है जो नौकरियों का सृजन करेगा और 2050 तक देश को कार्बन तटस्थ बनाएगा।
- फार्म की अधिकतम क्षमता 8.2 गीगावॉट होगी।

14. नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) ने अपने SPHEREx मिशन को लॉन्च करने के लिए किस अंतरिक्ष कंपनी को चुना है_________ **स्पेस एक्स।**

नोट:

- एलोन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने नासा के खगोल भौतिकी मिशन को लॉन्च करने के लिए अनुबंध जीता। वाशिंगटन, नासा ने लगभग-अवरक्त प्रकाश में आकाश का सर्वेक्षण संबंधी एक खगोल भौतिकी मिशन के लिए लॉन्च की सेवाएं प्रदान करने हेतु टेक बिलियनेयर एलोन मस्क की निजी एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स का चयन किया है।

15. किस देश ने अपने देश के लिए एक महत्वाकांक्षी 10-वर्षीय अंतरिक्ष कार्यक्रम शुरू किया, जिसमें चंद्रमा पर मिशन, अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजना और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यवहार्य सैटेलाइट सिस्टम का विकास करना शामिल है________**तुर्की।**

नोट:

- तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने अपने देश के लिए एक महत्वाकांक्षी 10 वर्षीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसमें चंद्रमा पर मिशन, तुर्की के अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजना और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यवहार्य सैटेलाइट सिस्टम का विकास करना शामिल है।
- एर्दोगन ने विशेष प्रभाव वाले लाइव टेलीविज़न इवेंट के दौरान तुर्की को विस्तारित क्षेत्रीय और वैश्विक भूमिका में शामिल करने वाले अपने सपने तहत कार्यक्रम की घोषणा की।

16. किस देश ने सैन्य अभ्यास 'जिदर-उल-हदीद' आयोजित किया _______**पाकिस्तान।**

नोट:

- अभ्यास, जिसका नाम 'जिदर-उल-हदीद' है, 28 जनवरी को शुरू हुआ और 28 फरवरी को समाप्त होगा।
- कराची कॉर्प्स के सैनिक अभ्यास के तहत सामरिक प्रशिक्षण और प्रक्रियाओं का अभ्यास करेंगे।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. किस शब्द को ऑक्सफोर्ड लैंग्वेजेस द्वारा वर्ष 2020 का हिंदी शब्द चुना गया है__________ **आत्मनिर्भरता।**

नोट:

- इस शब्द को भाषा विशेषज्ञों कृतिका अग्रवाल, पूनम निगम सहाय और इमोजेन फॉक्सेल की एक सलाहकार समिति द्वारा चुना गया था।

- ऑक्सफोर्ड हिंदी वर्ल्ड ऑफ द ईयर एक ऐसा शब्द या अभिव्यक्ति है, जिसे गुजरने वाले वर्ष के लोकाचार, मनोदशा या पूर्वाग्रहों को दर्शाने के लिए चुना जाता है, और इसमें एक सांस्कृतिक महत्व के शब्द के रूप में स्थायी क्षमता होती है।

2. जनवरी 2021 के लिए ICC मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड से सम्मानित भारतीय क्रिकेटर ______ **ऋषभ पंत।**

नोट:

- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषेद ने पहले "प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड" के लिए नामितों की घोषणा की, जो पुरुष और महिला दोनों क्रिकेटरों के बीच अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को सम्मानित करेगा।

3. हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किए गए ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर__________ **मर्व ह्यूज।**

नोट:

- ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें लैरीकिन के रूप में वर्णित किया है, जिन्होंने दुनिया भर में बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त किया।
- उन्होंने 1985 से 1994 तक के करियर में ऑस्ट्रेलिया के लिए 53 टेस्ट और 33 एकदिवसीय मैच खेले, इस दौरान उन्होंने 28.38 के औसत से 212 टेस्ट विकेट और 38 एकदिवसीय विकेट हासिल किए।
- वह 2005 में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के चयनकर्ता बने।

4. भारत की सबसे युवा महिला पायलट_______ **आयशा अजीज़।**

नोट:

- वर्ष 2011 में, अजीज़ 15 वर्ष की आयु में लाइसेंस प्राप्त करने वाली सबसे युवा पायलट बनीं और अगले वर्ष रूस के सोकोल एयरबेस में MIG-29 जेट उड़ाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।
- बाद में उन्होंने बॉम्बे फ्लाइंग क्लब (BFC) से विमानन में स्नातक किया और 2017 में एक कॉमर्शियल लाइसेंस प्राप्त किया।

5. NGO 'ALERT' द्वारा गुड समैरिटन वर्क के लिए चौथे एलर्ट बीइंग अवार्ड्स 2020 से किसे सम्मानित किया गया _______ **ए.आर. रहमान।**

नोट:

- उनके अलावा, सामाजिक कार्यकर्ता सैदापेट हरि कृष्णन और 13 अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया।
- पुरस्कारों के लिए पूरे भारत के 15 राज्यों और 35 जिलों से 156 नामांकन प्राप्त हुए थे, जिनमें से वर्ष 2020 के 14 जीवन रक्षक रियल लाइफ हीरो (व्यक्तियों और संगठनों) को पुरस्कारों के लिए चुना गया।

6. सनडांस फिल्म फेस्टिवल 2021 में वर्ल्ड सिनेमा डॉक्यूमेंट्री श्रेणी में ऑडियंस अवॉर्ड जीतने वाली भारतीय डॉक्यूमेंट्री फिल्म _________ **राइटिंग विद फायर।**

नोट:

- फेस्टिवल, जो 28 जनवरी को शुरू हुआ और 3 फरवरी को समाप्त हुआ, एक गैर-लाभकारी संस्था सनडांस ऑर्गनाइजेशन द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जो स्वतंत्र कलाकारों को खोजती है और उनका समर्थन करती है, और दर्शकों को उनके काम से अवगत कराती है।
- "राइटिंग विद फायर", जो निर्देशक रिंटू थॉमस और सुष्मित घोष के पदार्पण का भी प्रतीक है, मुख्य संवाददाता, मीरा के नेतृत्व में दलित महिलाओं के इस महत्वाकांक्षी समूह का अनुसरण करती है जो प्रासंगिक बने रहने के लिए टीम के प्रिंट से डिजिटल माध्यम में परिवर्तन को अपनाता है।

7. द इकोनॉमिक टाइम्स अवार्ड फॉर कॉर्पोरेट एक्सीलेंस 2020 के लिए बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर से किसे सम्मानित किया गया_______ **पवन मुंजाल।**

नोट:

- पुरस्कारों के लिए निर्णायक समिति का नेतृत्व अल्फाबेट इंक और इसकी सहायक कंपनी गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने किया था।
- भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास बिजनेस रिफॉर्मर ऑफ द ईयर के लिए निर्णायक समिति की पसंद थे।

8. द इकोनॉमिक टाइम्स अवार्ड फॉर कॉर्पोरेट एक्सीलेंस 2020 में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड के विजेता________**आदित्य पुरी।**

नोट:

- HDFC बैंक में 25 वर्षों से अधिक समय के बाद, उन्होंने 16 लाख करोड़ रुपये की बैलेंस-शीट साइज और 0.17% के अति सूक्ष्म डूबे ऋणों के साथ 7.73 लाख करोड़ रुपये मूल्य वाले बैंक को छोड़ दिया।
- पुरस्कारों के लिए निर्णायक समिति का नेतृत्व अल्फाबेट इंक और इसकी सहायक कंपनी गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने किया था।

9. 2020-21 अवधि के लिए एलन बॉर्डर मेडल किसने जीता________ **स्टीव स्मिथ।**

नोट:

- एलन बॉर्डर मेडल पिछले सत्र के सर्वोत्कृष्ट पुरुष ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर को उनके साथियों, मीडिया और अंपायरों के वोट के आधार पर दिया जाता है।
- इसके अलावा, बेथ मूनी ने बेलिंडा क्लार्क अवॉर्ड जीता, जो ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पुरस्कारों में एक महिला खिलाड़ी के लिए शीर्ष सम्मान है।

10. किस हवाई अड्डे ने एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल वर्ल्ड का 'वॉइस ऑफ द कस्टमर' अवार्ड प्राप्त किया______**बैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (BIAL)।**

नोट:

- एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल वर्ल्ड द्वारा वॉइस ऑफ द कस्टमर पहल उन हवाई अड्डों को सम्मानित करता है जो अपने ग्राहकों को प्राथमिकता देते रहे हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहे कि उनकी आवाज़ को 2020 में कोरोना वायरस महामारी के दौरान सुनी जाए।

खेल समाचार

1. किस देश ने लगातार दूसरा विश्व पुरुष हैंडबॉल खिताब जीता _______**डेनमार्क।**

नोट:

- ओलंपिक चैंपियन डेनमार्क ने नॉर्वे को घरेलू मैदान पर हराकर वर्ष 2019 की ट्रॉफी जीती थी।
- जबकि हैनसेन ने स्कोरिंग में सुर्खियां बटोरीं, वहीं डेन्स लैंडिन के बराबर रहे थे जिन्होंने 15 गोल किए।

2. टाटा स्टील चेस टूर्नामेंट 2021 किसने जीता_________ **जोर्डन वैन फोरेस्ट।**

नोट:

- 21 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने अपने हमवतन ग्रैंडमास्टर अनीश गिरि को नाटकीय रूप से प्लेऑफ में हराया।
- हालांकि, गिरि और उनके प्रशंसकों के लिए यह एक बड़ी निराशा थी। डच नंबर-एक खिलाड़ी को लगा कि आखिरकार वह अपना पहला बड़ा टूर्नामेंट जीतने में सफल रहे, जिसमें ग्रैंडमास्टर मैग्नस कार्लसन ने भाग लिया, लेकिन वह 2018 में, कार्लसन के खिलाफ हारने के बाद विज़कान जी में दूसरा प्लेऑफ हार गए।

3. किस देश ने पहली एशियाई ऑनलाइन शूटिंग चैंपियनशिप 2021 का आयोजन किया_________ **कुवैत।**

नोट:

- भारतीय निशानेबाजी दल ने टूर्नामेंट में पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है।
- 24 सदस्यीय भारतीय दल ने कुल 11 पदक जीते, जिसमें चार स्वर्ण पदक, दो रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता में 22 एशियाई देशों के 274 निशानेबाजों ने भाग लिया।

4. पहली 'एशियन ऑनलाइन शूटिंग चैंपियनशिप 2021' में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाला भारतीय निशानेबाज _______ **सौरभ चौधरी।**

नोट:

- प्रतियोगिता के पहले दिन, सौरभ चौधरी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण जीता था, और मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतिस्पर्धा में कांस्य जीता था।
- भारत के 24 सदस्यीय निशानेबाजी दल ने चार स्वर्ण पदक, दो रजत और पांच कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में भी शीर्ष स्थान हासिल किया।

5. पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल प्रतिस्पर्धा में पहली एशियन ऑनलाइन शूटिंग चैंपियनशिप 2021' में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज________ **दिव्यांश सिंह पंवार।**

नोट:

- भारत के 24 सदस्यीय निशानेबाज़ी दल ने चार स्वर्ण पदक, दो रजत और पांच कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।
- प्रतियोगिता के दूसरे दिन, दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी दिव्यांशु ने 632.4 अंक हासिल करके स्वर्ण जीता।

6. किस टीम ने T20 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2021 जीती _________ **तमिलनाडु।**

नोट:

- सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का 12वां संस्करण अहमदाबाद के सरदार पटेल स्टेडियम में आयोजित किया गया था।
- तमिलनाडु टीम का नेतृत्व दिनेश कार्तिक ने किया।

7. मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित एटीपी कप खिताब 2021 किस देश ने जीता__________**रूस।**

नोट:

- रूस के मेदवेदेव और रुबलेव पूरे सप्ताह हावी रहे और उन्होंने दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेले गए सभी आठ एकल मैच जीते।
- उन्होंने मेलबर्न पार्क में महज़ दो सेट हारते हुए अपने देश का गौरव बढ़ाया।

8. चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ अपने 98वें टेस्ट मैच में टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट लेने वाले छठे भारतीय गेंदबाज________ **ईशांत शर्मा।**

नोट:

- भारतीय तेज गेंदबाज इशांत शर्मा चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ अपने 98वें टेस्ट मैच में टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट लेने वाले छठे भारतीय गेंदबाज बने।
- अनिल कुंबले (619), कपिल देव (434), रविचंद्रन अश्विन (377), हरभजन सिंह (417) और जहीर खान (311) अन्य भारतीय गेंदबाज हैं जिन्होंने 300 से अधिक विकेट लिए।

9. एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता एथलीट हिमा दास को किस राज्य सरकार ने पुलिस उपाधीक्षक नियुक्त किया है__________ **असम।**

नोट:

- असम सरकार ने वर्ल्ड चैंपियनशिप धावक हिमा दास को राज्य में पुलिस उपाधीक्षक नियुक्त किया है और ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं को श्रेणी-I के अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

10. प्रियंका गोस्वामी किन खेलों से संबंधित हैं, जिन्होंने एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और टोक्यो ओलंपिक और विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई किया________**रेसवॉकिंग।**

नोट:

- 25 वर्षीया प्रियंका गोस्वामी ने शनिवार को रांची में 8वीं ओपन नेशनल और चौथी इंटरनेशनल रेस वॉकिंग चैंपियनशिप में 1:28:45 के समय में 20 किलोमीटर के समय के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा।
- उन्होंने टोक्यो ओलंपिक और वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया।

पुस्तकें एवं लेखक

1. 'ईयरबुक' पुस्तक किसने लिखी _________ **सेथ रोगन।**

नोट:

- पुस्तक का हार्डकवर और डिजिटल प्रारूप क्राउन पब्लिशिंग ग्रुप द्वारा प्रकाशित किया जाएगा और पुस्तक का ऑडियो संस्करण पेंगुइन रैंडम हाउस ऑडियो द्वारा जारी किया जाएगा।
- 'ईयरबुक' सेथ रोगन की सच्ची कहानियों और मज़ेदार निबंधों का संग्रह है जो उनके दादा-दादी द्वारा उनके बारे में किशोरावस्था और यहूदी ग्रीष्मकालीन शिविर के दौरान उनकी स्टैंडअप कॉमेडी के विषय में बात करता है।

2. "द लिटिल बुक ऑफ इनकरेजमेंट" नामक पुस्तक किसने लिखी ________ **दलाई लामा।**

नोट:

- रेणुका सिंह द्वारा संपादित और पेंगुइन रैंडम हाउस द्वारा प्रकाशित पुस्तक जल्द विमोचित होगी।
- पुस्तक महामारी के बाद की दुनिया की नई वास्तविकताओं से निपटने के लिए दलाई लामा के उद्धरणों और विचारों के साथ-साथ बढ़ते चरमपंथ, ध्रुवीयता एवं जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और तिब्बत पर उनके विचारों का संकलन है।

3. 'यस मैन: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ राणा कपूर' पुस्तक के लेखक__________ **पवन सी. लाल।**

नोट:

- यस मैन राणा कपूर, और उनकी इकारस जैसी उड़ान की कहानी है जो अंततः यस बैंक संकट का कारण बनती है।

- इस पुस्तक में, पवन सी. लाल ने न केवल राणा कपूर के सफर का विवरण दिया, बल्कि बैंकिंग प्रणाली, इसके नियामकों और यहां तक कि कारोबारी माहौल के बारे में कठिन प्रश्न पूछे, जिसके कारण यस बैंक शून्य प्रतिलाभ के कगार तक पहुंच गया।

4. "व्हेयरअबाउट्स" नामक उपन्यास किसने लिखा_________ **झुम्पा लाहिड़ी।**

नोट:

- पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा प्रकाशित पुस्तक एक महिला नायक और उसके संपूर्ण जीवन के सफर के बारे में है। पुस्तक का विमोचन अप्रैल में होगा।
- उपन्यास व्हेयर अबाउट्स इतालवी में लिखा गया था और झुम्पा लाहिड़ी द्वारा अंग्रेजी में इसका अनुवाद किया गया था।
- पुस्तक एक महिला के जीवन की कहानी को दर्शाती है जिसका जीवन उसके दृष्टिकोण में परिवर्तन के साथ परिवर्तित हो जाता है।

5. '1857 - द स्वॉर्ड ऑफ मस्तान' नामक उपन्यास किसने लिखा________**विनीत बाजपेयी।**

नोट:

- यह मस्तान ट्रिलॉजी का दूसरा भाग है। ट्रिलॉजी का पहला भाग, मस्तान - द फॉलन पैट्रियट ऑफ दिल्ली अक्टूबर 2019 में जारी किया गया था।
- यह लेखक का 5वां फिक्शन उपन्यास है और कुल 8वीं पुस्तक है।
- हिंदी संस्करण भी ट्रीशेड बुक्स द्वारा प्रकाशित किया जाएगा।

6. "व्हेयरअबाउट्स" नामक उपन्यास किसने लिखा__________ **झुम्पा लाहिड़ी।**

नोट:

- पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा प्रकाशित पुस्तक एक महिला नायक और उसके संपूर्ण जीवन के सफर के बारे में है। पुस्तक का विमोचन अप्रैल में होगा।
- उपन्यास व्हेयर अबाउट्स इतालवी में लिखा गया था और झुम्पा लाहिड़ी द्वारा अंग्रेजी में इसका अनुवाद किया गया था।
- पुस्तक एक महिला के जीवन की कहानी को दर्शाती है जिसका जीवन उसके दृष्टिकोण में परिवर्तन के साथ परिवर्तित हो जाता है।

7. '1857 - द स्वॉर्ड ऑफ मस्तान' नामक उपन्यास किसने लिखा________**विनीत बाजपेयी।**

नोट:

- यह मस्तान ट्रिलॉजी का दूसरा भाग है। ट्रिलॉजी का पहला भाग, मस्तान - द फॉलन पैट्रियट ऑफ दिल्ली अक्टूबर 2019 में जारी किया गया था।
- यह लेखक का 5वां फिक्शन उपन्यास है और कुल 8वीं पुस्तक है।

8. "ब्यूटीफुल थिंग्स" नामक पुस्तक किसने लिखी_________**हंटर बिडेन।**

नोट:

- साइमन एंड शूस्टर के इम्प्रिंट गैलरी बुक्स के अनुसार, "ब्यूटीफुल थिंग्स" पुस्तक यंगर बिडेन के सुप्रचारित संघर्षों पर केंद्रित होगी।

- 2019 के अंत में अधिग्रहित, "ब्यूटीफुट थिंग्स" को विमोचित नहीं किया गया था, क्योंकि बिडेन के व्यापारिक सौदे चुनाव के दौरान तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और अन्य लोगों के नियत बन गए और उनके वित्त न्याय विभाग द्वारा जांच का विषय बन गए।

9. 'प्लेटफार्म स्केल: फॉर ए पोस्ट-पैंडेमिक वर्ल्ड' पुस्तक किसने लिखी_______**संगीत पॉल चौधरी।**

नोट:

- प्लेटफॉर्म स्केल का पहला संस्करण 2015 में प्रकाशित हुआ था।
- यह प्लेटफॉर्म बिजनेस मॉडल के आंतरिक कामकाज के महत्व और तेजी से बढ़ने की उनकी क्षमता के बारे में बताती है।

10. 'बाय मैनी ए हैप्पी एक्सीडेंट: रिकलेक्शन ऑफ ए लाइफ' पुस्तक किसने लिखी __________ **मोहम्मद हामिद अंसारी।**

नोट:

- उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात (UAE), अफगानिस्तान, ईरान और सऊदी अरब में राजदूत के रूप में कार्य किया।
- वह ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त थे और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के स्थायी प्रतिनिधि भी थे।

11. "टर्न अराउंड इंडिया: 2020 - सर्माउंटिंग पास्ट लिगेसी" पुस्तक के लेखक _________**आर.पी. गुप्ता।**

नोट:

- पुस्तक भारत के आर्थिक इतिहास की व्याख्या करती है जो इसे क्षमताओं और कमजोरियों की पहचान करने में सक्षम बनाता है और आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करने में मदद करता है।
- यह कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के माध्यम से सफलता प्राप्त करने की दिशा में आर.पी. गुप्ता के अनुभवों और सफर का एक विस्तृत वर्णन है।

12. 'रेस विद मी!' नामक पुस्तक के लेखक_________**आंद्रे डी ग्रासे।**

नोट:

- 'रेस विद मी!' पुस्तक जुलाई 2021 में विमोचित होने की उम्मीद है।
- पुस्तक में, वह बताते हैं कि उन्होंने कैसे कठिनाइयों पर काबू पाया और सदैव प्रेरित रहे।

13. "मैपिंग लव" नामक पुस्तक किसने लिखी ________ **अश्विनी अय्यर तिवारी।**

नोट:

- पुस्तक का प्रकाशन रूपा पब्लिकेशन द्वारा किया जाता है।
- अश्विनी अय्यर तिवारी ने 2016 में फिल्म "निल बटे सन्नाटा" के साथ एक निर्देशक के रूप में शुरुआत की, जिसे तमिल में "अम्मा कनक्कू" के नाम से निर्मित किया गया था।

14. 'स्टारस्ट्रक: कन्फेशंस ऑफ ए टीवी एक्जीक्यूटिव' पुस्तक किस टेलीविज़न कार्यकारी अधिकारी का एक संस्मरण है_______ **पीटर मुखर्जी।**

नोट:

- पुस्तक को भारत में उनके सैटेलाइट टेलीविजन उद्योग में अनुभवों और पिछले कुछ वर्षों में हुए परिवर्तनों के स्मरण के रूप में प्रस्तुत किया गया है।
- मुखर्जी स्टार इंडिया के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं।

15. "अनफिनिश्ड: ए मेमोयर" नामक पुस्तक किसने लिखी_________ **प्रियंका चोपड़ा जोनस।**

नोट:

➢ माइकल जोसेफ इम्प्रिंट द्वारा प्रकाशित पुस्तक एक अभिनेत्री और निर्माता के रूप में उनके दो महाद्वीपों के 20 वर्षीय करियर और एक यूनिसेफ सद्भावना राजदूत के रूप में उनका कामों को कवर करती है।

विज्ञान एवं रक्षा

1. जैव ईंधन से संचालित विश्व का पहला वाणिज्यिक रॉकेट 'स्टारडस्ट 1.0' किस एयरोस्पेस कंपनी ने लॉन्च किया __________ **ब्लूशिफ्ट एयरोस्पेस।**

नोट:

➢ प्रक्षेपण में प्रयुक्त ठोस जैव ईंधन निराविषी, कार्बन तटस्थ है और अमेरिका से प्राप्त किया गया है।
➢ यह ऑक्सीजन ऑक्सीकारक के रूप में नाइट्रस ऑक्साइड के बुलबुले का उपयोग करता है।
➢ ब्लूशिफ्ट एयरोस्पेस का रॉकेट इंजन एक ठोस और तरल प्रणोदक का मिश्रण है, जिसे मॉड्यूलर एडैप्टेबल रॉकेट इंजन फॉर व्हीकल लॉन्च (MAREVL) कहा जाता है।

2. भारत-अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्धाभ्यास 2021' का 16वां संस्करण भारत के किस राज्य में आयोजित किया जाएगा _________ **राजस्थान।**

नोट:

➢ भारत-पाकिस्तान सीमा के पास आयोजित होने वाले अभ्यास का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच सहयोग और पारस्परिकता को बढ़ाना है और यह संयुक्त राष्ट्र के अधिकार-पत्र के तहत आतंकवाद-रोधी अभियानों पर ध्यान केंद्रित करेगा।
➢ यह अभ्यास भारत में आयोजित किया जा रहा है, जो उत्तरी सीमाओं पर हाल के घटनाक्रमों की पृष्ठभूमि में महत्व को समझता है, और दोनों राष्ट्रों की सामरिक अवस्थाओं के साथ-साथ भारत-अमेरिका संबंधों में बेहतरी के संकेत देता है।

3. केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बेंगलुरु के येलहंका में एयरफोर्स स्टेशन पर एयरो इंडिया शो के 13वें संस्करण का उद्घाटन किया। एयरो शो 2021 को कहा गया है _______ **Runway to a Billion Opportunities।**

नोट:

➢ यह आयोजन अनेक तरीकों से अनूठा था और इसे 'Runway to a Billion opportunities' के रूप में प्रस्तुत किया गया।
➢ इस वर्ष कोविड-19 महामारी के कारण, एयर शो, एयरो इंडिया 2021 एक हाइब्रिड शो था, जिसका अर्थ है कि प्रतिनिधियों ने भौतिक या वर्चुअल रूप में प्रस्तुति की।
➢ तीन दिवसीय कार्यक्रम में भारत की स्वदेशी रक्षा क्षेत्र की क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

4. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहां पर हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) की दूसरी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (LCA)-तेजस उत्पादन लाइन का उद्घाटन किया________ **बेंगलुरु।**

नोट:

➢ HAL के साथ अगले कुछ दिनों में हस्ताक्षरित होने वाले समझौते से भारतीय वायु सेना के स्वदेशी फाइटर जेट 'LCA-तेजस' के बेड़े और समग्र युद्धक क्षमता को मजबूती मिलेगी।

gradeup

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 350+ SSC & Railways Mock Tests

- पिछले महीने, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (CCS) ने 83 LCA तेजस मार्क 1A फाइटर जेट खरीदने के लिए लगभग 48,000 करोड़ रुपये की सबसे बड़े स्वदेशी रक्षा खरीद सौदे को मंजूरी दी थी।

5. भारत डायनेमिक्स लिमिटेड लिमिटेड (BDL) ने भारतीय नौसेना के लिए 'SHADE' नामक एक एंटी-टारपीडो रक्षा प्रणाली के संयुक्त समावेशन के लिए राफेल एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। राफेल किस देश की रक्षा तकनीक कंपनी है________ **इजराइल।**

नोट:

- इसकी स्थापना इजरायल के रक्षा मंत्रालय के भीतर हथियारों और सैन्य प्रौद्योगिकी के विकास के लिए इजराइल की राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास रक्षा प्रयोगशाला के रूप में की गई थी; 2002 में इसे एक लिमिटेड कंपनी के रूप में निगमित किया गया था।

6. किस रक्षा उपकरण निर्माता से भारतीय एयरफोर्स ने 70 HTT-40 बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट का अनुरोध किया है________ **हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)।**

नोट:

- प्रमाणन प्रोग्राम कॉम्प्लिएंस एंड क्वालिटी रिव्यू (PCQR) हेतु दिया जाएगा। उत्पादन HAL के बेंगलुरु और नासिक स्थित दो विनिर्माण केंद्रों पर होगा।
- HAL की पहली उड़ान से छह वर्ष के अंदर RFP आया है जो विमान उद्योग में सबसे कम समय सीमा है।

7. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने सम्मिश्र कच्चे माल के विकास और उत्पादन के लिए किस कंपनी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उपयोग हवाई जहाजों के निर्माण में किया जाता है और वर्तमान में इसका आयात किया जा रहा है __________ **मिश्रा धातू निगम लिमिटेड (MIDHANI)।**

नोट:

- यह पहली बार है जब सम्मिश्र कच्चे माल के लिए इस तरह के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
- मुख्यत: प्री-प्रेग्स के रूप में लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (LCA), एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (ALH), लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (LCH) और लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर (LHH) जैसे प्लेटफॉर्म में उपयोग किया जाने वाला सम्मिश्र कच्चा माल वर्तमान समय में आयात किया जाता है।

8. रक्षा के लिए अनमैन्ड एयरक्राफ्ट सिस्टम (UAS) सॉल्यूशन के डेवलपर्स और सप्लायर SpearUAV और होमलैंड सिक्योरिटी एप्लीकेशन ने भारतीय बाजार में इनकैप्सुलेटेड निनॉक्स 40 सिस्टम पेश करने के लिए पारस एयरोस्पेस के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। SpearUAV किस देश से संबंधित है _________ **इजराइल।**

नोट:

- विशेष रूप से सिंगल-यूजर ऑपरेशन के लिए डिज़ाइन किया गया निनॉक्स 40 एक माइक्रो-टैक्टिकल, लागत प्रभावी ड्रोन सिस्टम है, जिसमें एक इनकैप्सुलेटेड ड्रोन और कंट्रोल यूनिट होता है।
- नियामक सीमाओं के भीतर 250 ग्राम से कम वजनी यह काफी लाइटवेट है जिससे यह सैनिक के कपड़ों में रखा जा सकता है और युद्ध के दौरान प्रयोग किया जा सकता है।

9. काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च-नेशनल एयरोस्पेस लेबोरेटरी ने प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से टू-सीटर ट्रेनर एयरक्राफ्ट के निर्माण हेतु किस इकाई के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं L **BEML लिमिटेड।**

नोट:

- दोनों इकाइयां एडवांस्ड कंपोजिट और आटोक्लेव, छोटे मानवरहित वायु यान, विमान संरचना और प्रणालियों के डिजाइन और विश्लेषण के क्षेत्रों में संयुक्त विकास का कार्य भी करेंगी।
- रक्षा और एयरोस्पेस, BEML के निदेशक ए.के श्रीवास्तव और NAL के बिजनेस डेवलपमेंट निदेशक आर. वेंकटेश के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया।

10. छठा भारत-रूस सैन्य औद्योगिक सम्मेलन (IRMIC) भारत के किस शहर में आयोजित किया गया था, जहां BEL ने रूस की एक ज्वाइंट स्टॉक कंपनी (JSC) रोसोबोरोनेक्सपोर्ट के साथ निवेश के तहत एक ऑफसेट कॉन्ट्रेक्ट किया______**कोलकाता, पश्चिम बंगाल।**

नोट:

- बेंगलुरु में आयोजित छठे भारत-रूस सैन्य औद्योगिक सम्मेलन में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- एवियन होज़ के निर्माण के अनुबंध के तहत औद्योगिक केंद्रों की स्थापना पूरी तरह से सरकार के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के अनुरूप है।

11. राजस्थान में भारत और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्धाभ्यास' का कौन सा संस्करण आयोजित किया गया________ **16वां।**

नोट:

- भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 11वीं बटालियन द्वारा किया गया, जो दक्षिण पश्चिमी कमान का अंग है।
- सेना के प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व संबंधित ब्रिगेड मुख्यालय के साथ दूसरी बटालियन, 1-2 स्ट्राइकर ब्रिगेड कॉम्बैट टीम की तीसरी इन्फैंट्री रेजिमेंट के सैनिकों द्वारा किया जाएगा।

12. भारतीय नौसेना ने नेवल इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स के अंडरवाटर डोमेन में शोध के लिए किस IIT के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ________**IIT दिल्ली।**

नोट:

- IIT दिल्ली में आयोजित शोध ने भारतीय नौसेना की तकनीकी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- भारतीय नौसेना, आत्मनिर्भर भारत के अनुसार, IIT दिल्ली के माध्यम से प्रमुख प्रौद्योगिकी संचालित परियोजनाओं को विकसित करने का लक्ष्य रखती है।

13. थिएटर लेवल ऑपरेशनल रेडीनेस एक्सरसाइज (TROPEX 21), भारतीय रक्षा प्रणाली की किस इकाई का द्विवार्षिक सबसे बड़ा वार गेम है_______**भारतीय नौसेना।**

नोट:

- यह अभ्यास जनवरी 2021 की शुरुआत में प्रारंभ हुआ और फरवरी, 2021 के तीसरे सप्ताह तक समाप्त होने की संभावना है।
- अभ्यास का मुख्य उद्देश्य नौसेना की आक्रामक-रक्षा क्षमताओं की पुष्टि करना, समुद्री क्षेत्र में राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना और IOR में स्थिरता तथा शांति को बढ़ावा देना है।

14. CIFT का मुख्यालय कहां स्थित है_______**कोच्चि।**

नोट:

- पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रचारित ADDS, DSFV के निर्माण हेतु बुनियादी डिजाइन पहलुओं से संबंधित मानदंड स्थापित करेगा।

gradeup

- विशेष रूप से, ASDDS के अनुपालन में निर्मित जहाज PMMSY योजना के तहत सब्सिडी प्राप्त करेंगे।

15. रक्षा मंत्रालय ने एक सॉफ्टवेयर-डिफाइंड रेडियो टैक्टिकल (SDR-Tac) जहाज-जनित प्रणाली की खरीद के लिए किस कंपनी के साथ समझौता किया है________**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL)।**

नोट:

- SDR-Tac (सॉफ्टवेयर-डिफाइंड रेडियो टैक्टिकल) की खरीद से सशस्त्र बलों में सामरिक गहराई आएगी।
- SDR-Tac एक चार चैनल वाला मल्टी-मोड, मल्टी-बैंड, 19-इंच रैक माउंटेबल, जहाज-जनित सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो सिस्टम है।

--------------0--------------

gradeup

Gradeup Green Card

Features:

- 350+ Full-Length Mocks
- 30+SSC & Railways Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co